


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-314 सीहोर, शनिवार 08 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# फिर चलेगी झाड़ू या खिलेगा कमल, दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आज, किसके सिर सजेगा ताज



## 5 फरवरी 2025 को वोट डाले गए थे, एग्जिट पोल के नतीजों में भाजपा आगे

नई दिल्ली.(ए.)। देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद रिजल्ट की घड़ी करीब आ गई है. ईवीएम का पिटारा खुलने के बाद शनिवार को दिल्ली चुनाव के विजेता के नाम का फैसला हो जाएगा. आम आदमी पार्टी पिछले तीन चुनावों से अपना परचम लहराती आ रही है. साल 2013 के विधानसभा चुनावों में स्पष्ट बहुमत न आने की वजह से मध्यावधि चुनाव कराना पड़ा था. इसके बाद साल 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल की अगुआई में AAP ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्त में वापसी की थी. कांग्रेस दिल्ली की सत्ता से 15 साल के बाद दूर हुई थी. वहीं, बीजेपी का इंतजार और लंबा हो गया था. साल 2025 के विधानसभा चुनावों के बाद जारी एग्जिट पोल के नतीजों में ढाई दशक से भी ज्यादा समय के बाद बीजेपी के सत्ता में आने की संभावना जताई गई है. दूसरी तरफ, कांग्रेस की हालत लगातार चौथे चुनाव में भी खराब ही रहने के आसार हैं.

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोट डाले गए थे. साल 2020 की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत कम रहा. इस बार जहां 60 फीसद से कुछ ही ज्यादा वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया तो पिछले चुनाव में 62 फीसद से ज्यादा लोगों ने वोट डाले थे. वोटिंग के बाद अब सबकी निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी हैं. सभी राजनीतिक दलों की ओर से अपने-अपने दावे किए जा रहे हैं. इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के साथ ही बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशी भी मैदान में थे. दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन विधानसभा चुनाव आते-आते यह दोस्ती टूट गई और दोनों दलों ने अपने दम पर चुनाव लड़ा.।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव पुलिस ऑफिसर्स मेस परिसर में शुक्रवार की शाम आईपीएस मीट 2025 की सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए।

## महाकुंभ में फिर लगी आग, सेक्टर-18 में कई पंडाल जले

प्रयागराज,(ए.)। महाकुंभ मेला में फिर आग लग गई है जिससे शंकराचार्य मार्ग पर सेक्टर-18 में कई पंडाल जल गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। भीड़ को मौके से हटाया जा रहा है। चारों तरफ बैरिकेडिंग की जा रही है। आग इस कारण से लगी इसका अभी पता नहीं पाया है। बता दें इससे पहले 19 जनवरी को आग लगी थी जिसमें गीता प्रेस के 180 कॉटेज जल गए थे। शुक्रवार को संगम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। छुट्टी होने से शनिवार और रविवार को और भीड़ बढ़ सकती है।

## एमपी के महू में भीषण हादसा, चार लोगों की मौत; 10 घायल

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के करीब महू में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा मानपुर पुलिस थाने के भैरव घाट क्षेत्र में हुआ। यहां गुरुवार-शुक्रवार की रात को एक सवारी वाहन ट्रैवलर ने पहले बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मारी और उसके बाद वह एक टैंकर में जा घुसा।

इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हुई है, वहीं ट्रैवलर में सवार दो अन्य लोगों को जान गंवानी पड़ी है, इसके अलावा ट्रैवलर वाहन में सवार 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सवारी वाहन ट्रैवलर तेज रफ्तार से जा रहा था और उसी के चलते यह भीषण हादसा हुआ है।

हादसे की भयावहता का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि टैंकर से हुई टक्कर के बाद ट्रैवलर वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं।

## भारत के नए जलवायु लक्ष्य सीमित संसाधनों के आधार पर होंगे, अमीर देश कर रहे मनमानी



नई दिल्ली (ए.)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने सभी सदस्य देशों से सितंबर तक अपने जलवायु लक्ष्य जमा करने की अपील की है। इन्हें जमा करने की आखिरी तारीख 10 फरवरी थी, लेकिन भारत सहित कई देश राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) यानी जलवायु कार्य योजना को इस वक्त पूरा नहीं कर पाएंगे। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, भारत अपने अगले जलवायु लक्ष्यों को ब्राजील में होने जा रहे यूएन जलवायु सम्मेलन के नजदीक जमा कर सकता है और ये लक्ष्य देश के उपलब्ध संसाधनों पर आधारित होंगे।

हर देश को 2031-2035 की अवधि के लिए एनडीसी इस साल जमा करना जरूरी है। इस अधिकारी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अन्य तरीकों के साथ -साथ वित्तीय और तकनीकी सहयोग की जरूरत होती है, लेकिन विकसित देश यह सहयोग को देने के लिए तैयार नहीं हैं। जो देश जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, उन्हें इसका नुकसान क्यों उठाना चाहिए? अधिकारी का कहना है कि भारत ने अभी तक अपने नए जलवायु लक्ष्य तय नहीं किए हैं। देस ऐसे लक्ष्य बनाएगा जो उसके उपलब्ध संसाधनों से पूरे किए जा सकें।

**पर्याप्त फंडिंग न मिलने पर भारत बदल सकता है अपने जलवायु लक्ष्य**

संसद में जनवरी में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में कहा गया कि अगर विकसित देश पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देते हैं, तो विकासशील देश अपने जलवायु लक्ष्य दोबारा तय कर सकते हैं।

## केजरीवाल के 15 करोड़ के दावे पर, एसीबी के पांच सवाल.... विधायकों के नाम बताएं और कॉल डिटेल्स दें



नई दिल्ली,(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने में अब कुछ ही समय बचा है, लेकिन दिल्ली में सियासी ड्रामा पूरे चरम पर पहुंच गया है। विधायकों की खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) के अधिकारी आप संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनके आवास पर पहुंची थी। लेकिन उन्हें पूछताछ के लिए अंदर नहीं जाने दिया गया। कई घंटों तक चले ड्रामे के बाद आखिरकार एसीबी की टीम को बिना पूछताछ किए ही वापस लौट गई। इसके बाद एसीबी की टीम ने केजरीवाल को लीगल नोटिस दिया है। जहां केजरीवाल सहित आप नेताओं ने हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया था। आरोप था कि विधायकों को 15 करोड़ रुपये का ऑफर हुआ और आप छोड़ने के लिए दबाव बनाया गया था। अब एलजी वीके सक्सेना ने इन आरोपों की जांच के आदेश दिए।

दरअसल केजरीवाल ने 6 फरवरी को अपने पोस्ट में आप विधायकों को 15 करोड़ ऑफर देने और पार्टी छोड़ने के लिए दबाव बनाने का दावा किया था। एसीबी ने सबसे पहला सवाल यही पूछा है कि क्या वे पोस्ट केजरीवाल द्वारा किए गए थे या नहीं? दूसरे सवाल में एसीबी ने उन 16 विधायकों की जानकारी भी मांगी है, जिन्हें रिश्वत के ऑफर वाले फोन कॉल आए थे। तीसरे प्रशन में एसीबी ने केजरीवाल से उस शख्स की जानकारी भी मांगी है, जिसने कथित रूप से आप विधायकों को रिश्वत ऑफर करने के लिए फोन किए थे।

## 'हारे हुए आदमी के पास रोने-धोने के अलावा और कुछ नहीं', राहुल के आरोप पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली (ए.) । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के आरोप पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे निराधार और निरर्थक बताया है। साथ ही कहा कि यह एक हारे हुए व्यक्ति के पास रोने-धोने के अलावा और कुछ नहीं है। बता दें कि महाराष्ट्र चुनाव में एमवीए की हार के बाद राहुल गांधी ने हाल ही में अपने दिए गए बयानों में आरोप लगाया था कि राज्य में विधानसभा चुनावों में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या वयस्क आबादी से अधिक है और पांच महीनों में पहले के मुकाबले अधिक मतदाता जुड़े हैं।

## महाराष्ट्र में होगी बड़ी उथल पुथल 6 सांसद छोड़ेंगे उद्धव ठाकरे का साथ !



मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र की राजनीति में भारी उथल पुथल के संकेत मिल रहे हैं। यहां उद्धव ठाकरे अपनी शिवसेना (यूबीटी) के दिग्गज नेताओं को नहीं संभाल पा रहे हैं। इसके पीछे वैसे तो कई कारण हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से शिवसेना शिंदे गुट के ऑपरेशन टाइगर लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि ठाकरे गुट और कांग्रेस के कई नेता ऑपरेशन टाइगर के तहत शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे। इस बीच, यह बात सामने आई है कि शिवसेना की ऑपरेशन टाइगर की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक शिवसेना ठाकरे गुट के 6 सांसद संसद सत्र के दौरान ही शिंदे गुट में शामिल हो जाएंगे।

कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे गुट में भारी बेचैनी है। कई लोग अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इस बीच खबर आ रही है कि उद्धव ठाकरे के 6 सांसद एकनाथ शिंदे गुट के संपर्क में हैं। वह जल्द ही शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। वजह ये है कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार अगले 5 साल के लिए मजबूत स्थिति में है। कई सांसद अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मुख्य रूप से फंड मिलने में कठिनाई हो सकती है।

# महिला सशक्तिकरण सैद्धांतिक नहीं, कार्य रूप में परिणित करने का विषय : डॉ. यादव

## सत्य साईं महिला महाविद्यालय में ऑडिटोरियम और लैब के लिए राज्य शासन देगा सहयोग



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज विश्व के कई देशों के लिए महिला सशक्तिकरण चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन भारत देश के संदर्भ में महिला सशक्तिकरण प्राचीन काल से आराधना का विषय भी रहा है। हमारे भारतीय समाज में महिलाओं के लिए आदर कोई सैद्धांतिक विषय नहीं है, महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के लिए एक तिहाई जनप्रतिनिधित्व पर जोर दिया है। मध्यप्रदेश सरकार भी शासकीय सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर रही है। प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें भी महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। सत्य साईं महिला महाविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान बधाई के पात्र हैं, जो नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन कॉउंसिल (नैक) द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त है। इस महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होना एक विशेष उपलब्धि है।

## एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश, पुंछ में सेना ने मार गिराए 7 पाकिस्तानी घुसपैठिए



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास फायरिंग होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई है। जिसके बाद भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है।

घुसपैठियों का मकसद भारतीय पोस्ट को निशाना बनाया था। भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम पर हमला किया। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई।

## बॉलीवुड कलाकारों ने संगम में लगाई डुबकी

महाकुम्भ नगर (आरएनएस)। महाकुम्भ में बड़ी संख्या में आम और खास सभी लोग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता और अभिनेता संजय मिश्रा महाकुम्भ पहुंचे। सभी कलाकारों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा की और यहां के माहौल को अविस्मरणीय बताया।

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी पत्रलेखा मां गंगा के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं संगम में डुबकी लगाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम पिछली बार भी महाकुम्भ में आए थे।

पत्रलेखा और मैं मां गंगा के प्रति समर्पित हैं। हम परमार्थ निकेतन आश्रम में ठहरे हुए हैं। जो भी यहां स्नान कर सकता है, वह सौभाग्यशाली है। भगवान की कृपा से हमें यह अवसर मिला है।

**सालों से यहां आने की इच्छा थी- नीना गुप्ता**

महाकुम्भ नगर। नीना गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं सालों से यहां आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह कभी नहीं देखा। सरकार ने इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया है, यह काबिले-तारीफ है।

## राहुल गांधी का चुनाव आयोग से सवाल, ये 39 लाख नए वोटर कहां से आए



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के 24 घंटे पूर्व महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, संजय राउत और सुप्रिया सुले ने चुनाव आयोग पर हमलावार दिखाई दिए है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2019 के बाद पांच साल में 32 लाख वोटर जुड़े थे। मगर लोकसभा 2024 और विधानसभा चुनाव के बीच 39 लाख नए वोटर जोड़े गए। पांच माह में इतने ज्यादा वोटर कैसे जुड़ गए। हिमाचल प्रदेश में जितने कुल मतदाता हैं, उतने महाराष्ट्र में पांच महीने के भीतर ही जुड़ गए। ये नए वोटर कहां से आए?

उधर राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा है कि हम तथ्यों साथ लिखित में जवाब दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा है पूरे देश में एक समान प्रक्रिया का पालन होता है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में व्यस्कों की आबादी 9.54 करोड़ हैं। महाराष्ट्र में वोटरों की आबादी राज्य की जनसंख्या से अधिक कैसे हो गई? वोटर लिस्ट में खामी मिली है। हम चुनाव आयोग से लोकसभा और विधानसभा चुनाव के अलग-अलग फोटो वोटर लिस्ट मांगते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि दलित और अल्पसंख्यकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग हमारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के तीन विपक्षी दल आयोग से पारदर्शिता की अपेक्षा करता है।

## इन्दिरा आईवीएफ का महाराष्ट्र में 29वां हॉस्पिटल जालना में शुरु

### टीयर टू और थ्री शहरों में आईवीएफ हॉस्पिटल विस्तार की पहल

नई दिल्ली (आरएनएस)। हमारी लाईफ स्टाइल और खराब खानपान ने शरीर को काफी नुकसान पहुंचाया है साथ ही डायबिटिज, अधिक उम्र, मोटापे और पीसीओएस के कारण कई महिलाओं को नि:संतानता का सामना करना पड़ता है, इसमें से कई मरीजों को इस समस्या के बारे में जानकारी भी नहीं है। कई दम्पती प्राकृतिक गर्भधारण और सामान्य उपचारों में सफलता नहीं मिलने पर हार मान लेते हैं जबकि आधुनिक उपचारों से नि:संतानता का उपचार संभव है। संतान सुख से वंचित दम्पतियों को उच्चस्तरीय उपचार सेवाएं प्रदान करने के लिए नि:संतानता के उपचार की देश की सबसे बड़ी फर्टिलिटी चैन इन्दिरा आईवीएफ ने महाराष्ट्र के फर्स्ट फ्लोर, रामा आर्केड जालना में आधुनिकतम हॉस्पिटल का शुभारंभ किया है।

## महाकुंभ जा रहे आठ लोगों की जयपुर-अजमेर हाईवे पर हादसे में मौत

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर-अजमेर हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना गुरुवार को राजस्थान के दूदू में मोखमपुरा के पास हुई, जब एक रोडवेज बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई।

हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग भीलवाड़ा जिले के रहने वाले थे और प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रहे थे। यह लोग एक ईको कार में सवार थे, जो अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। वहीं, रोडवेज बस जोधपुर डिपो की थी और जयपुर से अजमेर की तरफ जा रही थी। अचानक बस का अगला टायर फटने से चालक संतुलन खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पार कर कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।





# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सेमीकंडक्टर-मैन्यूफैक्चरिंग रहेगा निवेशकों का प्रमुख आकर्षण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सेमीकंडक्टर पॉलिसी से निवेश के साथ युवाओं को मिलेगा रोजगार

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में सेमीकंडक्टर एक महत्वपूर्ण सेक्टर रहेगा। इसकी महत्वता को देखते हुए राज्य मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025 को मंजूरी दी है। इस नीति के लागू होने से सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने वाले निवेशकों के बीच इस सेक्टर को लेकर उत्साह और रुचि देखी जा रही है, जिससे राज्य में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पॉलिसी से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंड्क्टर विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित एक स्थायी ईको-सिस्टम स्थापित किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन भारत को सेमीकंडक्टर डिज़ाइन निर्माण और तकनीकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री का मानना है कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक क्रांति की कगार पर है। उनका लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक और सेमीकंडक्टर्स का शत-प्रतिशत निर्माण भारत में ही



किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि सेमीकंडक्टर पॉलिसी से प्रधानमंत्री श्री मोदी के लक्ष्य की प्राप्ति में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यह पालिसी राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जो घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में मदद करेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नेतृत्व करने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अंतर्गत निवेशकों के लिए पूंजी निवेश अनुदान (कुल निवेश का 25 प्रतिशत अथवा भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो) दिया जाएगा। राज्य सरकार गैर-सरकारी अनुमोदित परियोजनाओं के लिए कंपनियों को 40 प्रतिशत (अधिकतम 150 करोड़ रुपए) तक पूंजी निवेश अनुदान देगी। यह अनुदान ब्याज 6 प्रतिशत अथवा लागू ब्याज दर (जो भी कम हो) इकाई स्थापना के बाद 5 वर्षों तक (अधिकतम 10 करोड़ रुपए) दिया जाएगा। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अंतर्गत कंपनियों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, पहले 10 वर्षों के लिए 2 रुपए प्रति यूनिट बिजली टैरिफ सब्सिडी भी दी जाएगी। इससे संचालन लागत कम होगी और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। पॉलिसी में 400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्टर के लिए सहयोग, कर में छूट और कुछ अतिरिक्त वित्तीय सहायताएं भी दी जाएंगीं।

## मोती नगर की 110 से ज्यादा दुकानों पर कल चलेगा बुलडोजर, दुकानदारों को हाईकोर्ट से नहीं मिला स्टे

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल मोती नगर बस्ती में बड़े बुलडोजर एक्शन की तैयारी शुरू हो चुकी है। शुक्रवार 7 फरवरी को भोपाल के सुभाष नगर इलाके में रेलवे की अवैध जमीन पर बनी मोती नगर बस्ती के 110 से ज्यादा दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चलेगा। दुकानदारों को हाईकोर्ट से स्टे नहीं मिल पाया है। फिलहाल यहां स्थित घरों को तोड़ा नहीं जाएगा। खाली करने के लिए प्रशासन ने लोगों को 2 महीने का समय दिया है। बता दें कि भोपाल के सुभाष नगर आरओबी की थर्ड लेग के निर्माण और चौथी रेल लाइन बिछाने के लिए मोती नगर बस्ती को हटाने की कार्रवाई होनी है। गुरुवार को पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर लोगों से स्वेच्छा दुकान हटाने को कहा और समझाया। इसके बाद दुकानदार सामान हटाते भी नजर आए हैं। बता दें कि जिला प्रशासन, नगर निगम और रेलवे ने इससे पहले 4 फरवरी तक बस्ती को खाली करने का नोटिस जारी किया था। जिसके बाद से बस्ती में रहने वाले परिवारों को बेघर होने का डर सता रहा है। हालांकि अभी मकान खाली करने के लिए दो महीने की और मोहलत दी गई। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां ऐसे बच्चें भी रह रहे हैं, जिनकी आगामी समय में बोर्ड एग्जाम है।

## टीबी उन्मूलन की दिशा में रेलवे का प्रभावी कदमः विदिशा जिले में जागरुकता अभियान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित



भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे न केवल यात्री सेवाओं में उत्कृष्टता स्थापित कर रहा है, बल्कि समाज कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहा है। इसी क्रम में, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भोपाल डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज गंजबासौदा रेलवे स्टेशन (जो उच्च प्राथमिकता जिला विदिशा में स्थित है) पर व्यापक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह पहल न केवल रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई।

**स्वास्थ्य शिविरः 67 से अधिक लोगों को मिला लाभ**

इस अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। विशेष रूप से टीबी के उच्च जोखिम वाले लोगों की पहचान पर ध्यान केंद्रित किया गया। कुल 67 लाभार्थियों में से 21 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप और 2 व्यक्तियों में मधुमेह के नए मामले सामने आए, जिन्हें आगे की चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

**डोर-टू-डोर जागरूकता अभियानः रेलवे कॉलोनी में पहुंचा स्वास्थ्य संदेश**

टीबी उन्मूलन की मुहिम को और प्रभावी बनाने के लिए गंजबासौदा रेलवे कॉलोनी के 40 आवासीय परिसरों में डोर-टू-डोर कैंपेन चलाया गया। रेलवे आवासों में रहने वाले कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को टीबी के लक्षण, जांच, बचाव, उपचार और पोषण संबंधी जानकारी दी गई। पंपलेट वितरण के माध्यम से कफ हाइजीन, पर्याप्त वेंटीलेशन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि लोग न केवल खुद जागरूक हों, बल्कि समाज को भी इस रोग से बचाने में योगदान दें।

**स्टेशन पर टीबी जागरूकता प्रसारः सार्वजनिक अनाउंसमेंट और आईईसी गतिविधियाँ**

यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से टीबी के लक्षण, बचाव, शीघ्र निदान और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की गई। इसके अलावा, पोस्टर और पंपलेट के जरिए भी इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया, जिससे यात्री सफर के दौरान भी इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक हो सकें।

**निक्षय शपथः टीबी मुक्त भारत का संकल्प**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर रेलवे कर्मचारियों और उपस्थित लोगों ने निक्षय शपथ ली, जिसमें टीबी उन्मूलन के लिए सतर्कता और संकल्प को दोहराया गया। इस शपथ के तहत सभी ने स्वयं जागरूक रहने, अन्य लोगों को भी जानकारी देने और टीबी मुक्त भारत के अभियान में योगदान देने का संकल्प लिया।

**चिकित्सा टीम का योगदान**

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक/बीना डॉ. शुभम जैन एवं उप मंडल रेल चिकित्सालय, बीना की मेडिकल टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी निस्वार्थ सेवा से इसे सफल बनाया।

**समाज के लिए रेलवे की पहलः एक सार्थक प्रयास**

भारतीय रेलवे का यह अभियान यह दर्शाता है कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सिर्फ चिकित्सा उपचार ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक संकल्प भी आवश्यक है। ऐसे अभियानों से न केवल रेलवे कर्मचारी बल्कि आम नागरिक भी लाभान्वित होते हैं, जिससे समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है।

## 07095/07096 काकीनाडा टाउन-दानापुर-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी




भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07095/07096 काकीनाडा टाउन-दानापुर-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01-01 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 07095 काकीनाडा टाउन-दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07095 काकीनाडा टाउन-दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 08 फरवरी 2025 (शनिवार) को काकीनाडा टाउन स्टेशन से दोपहर 14.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 13.30 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 10.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 07096 दानापुर-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07096 दानापुर-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 10 फरवरी 2025 (सोमवार) को शाम 14.15 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 09.30 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 04.00 बजे विजयवाड़ा स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सामलकोट जंक्शन, निदादवलू जंक्शन, तडेपल्लिगुडेम, एलुरु, विजयवाड़ा जंक्शन, मधिरा, खम्मम, डोर्नाकल जंक्शन, महबूबाबाद, वारंगल, जमीकुंटा, पेद्दपल्ली, रामगुंडम, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 9 शयनयान श्रेणी एवं 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा हृञ्ञश्वस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता : सहकारिता मंत्री श्री सारंग

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि किसी भी देश के उन्नयन, विकास और जनता के कल्याण के लिये अर्थ-व्यवस्था की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जहाँ व्यक्ति है, वहाँ अर्थ है और जहाँ अर्थ है वहाँ अर्थ-व्यवस्था। विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना के लिये अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये संकल्प के साथ प्लानिंग करनी होगी। सभी अर्थ-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये लक्ष्य के साथ अपने-अपने प्रकल्प पर काम कर रहे हैं। सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता है। मंत्री श्री सारंग गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ऋण देना और समय पर वापस लेना अर्थ-व्यवस्था का महत्वपूर्ण आयाम है।

## गर्मी भूल जाएं कड़ाके की ठंड से कांपेंगे प्रदेशवासी, इन शहरों में गिरा तापमान, शीतलहर का अलर्ट



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में गर्मी का कहर शुरू होने से पहले ही छू मंतर हो गया। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। कई हिस्सों में तापमान गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक बर्फीली हवाओं का असर हो रहा है कि फरवरी में पहली बार ठंडी हवाएं चली हैं। बुधवार-गुरुवार की रात प्रदेश के अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में गुरुवार सुबह से सर्द हवाएं चलती रहीं, जिससे रात में ठंड बढ़ गई।

**उज्जैन समेत कई संभाग में बूंदाबांदी**

ग्वालियर-चंबल और उज्जैन संभाग में बीते कुछ दिनों से बारिश और बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखा गया है। अगले दो दिनों तक प्रदेश का मौसम इसी प्रकार बना रहने की संभावना है।

**सागर में सबसे ज्यादा गिरा तापमान**

बुधवार-गुरुवार की रात सागर जिले में न्यूनतम तापमान में सबसे अधिक 7.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा ग्वालियर में 7 डिग्री, रायसेन में 6.7 डिग्री, खजुराहो में 6.2 डिग्री और रतलाम में 5.5 डिग्री की गिरावट हुई।

**इन हिस्सों में शीतलहर का अलर्ट**

मौसम विभाग ने शुक्रवार को निवाड़ी, नीमच, मंदसौर, शाजापुर, राजगढ़, शाजापुर और छतरपुर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। वहीं धार, झाबुआ, रायसेन, विदिशा, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, दतिया, अशोकनगर और आगर में हल्की शीतलहर का प्रभाव देखने को मिल सकता है।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंत्रालय में ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना, लौहघोघरी-तोतलाडोह जल परिवर्तन योजना की समीक्षा की।

## शिवराज के छोटे बेटे कुणाल की वैलेंटाइन डे पर शादी, कार्तिकेय की डेस्टिनेशन वेडिंग कहां से, तैयारियां कैसी?

भोपाल (निप्र)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और मप्र के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के घर जल्द ही शहनाई बजने वाली है। दो महीनों में शिवराज सिंह के दोनों बेटों कुणाल और कार्तिकेय की शादी होने वाली है। पूर्व सीएम शिवराज सिंह के छोटे बेटे कुणाल की शादी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर होगी, वहीं बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी 5-6 मार्च को होगी। बेटों की शादी को लेकर शिवराज सिंह और उनकी पत्नी साधना सिंह तैयारियों में जुटे लगे हुए हैं। शादी का निमंत्रण देने के लिए कार्ड बांटे जा रहे हैं। पांच फरवरी को शिवराज सिंह ने परिवार के साथ उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल को भी शादी का न्योता दिया। वहीं, इससे पहले उनकी पत्नी साधना सिंह ने हिल्दी कूटने की रश्म निभाते हुए नजर आई थीं। इस वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। आईए, अब जानते हैं कुणाल और कार्तिकेय की कब, किससे और कहां शादी होने वाली है? शिवराज की होने वाली दोनों बहुए कौंन हैं? शिवराज सिंह के बेटों की शादी की तैयारियों कैसी चल रही हैं? केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के छोटे बेटे कुणाल की शादी वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को भोपाल में होगी। करीब आठ महीने पहले कुणाल की जाने माने डॉक्टर इंद्रमल जैन की पोती रिद्धि जैन से सगाई हुई थी। कुणाल और रिद्धि एक साथ पढ़े हैं, ऐसे में कहा जा रहा है कि यह दोनों की लव मैरिज है। वहीं, शिवराज सिंह के बड़े बेटे कार्तिकेय डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे। उनकी शादी 5-6 मार्च को उदयपुर में अमानत बंसल से होगी। अमानत लिबर्टी शूज कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी हैं। उदयपुर में शादी के बाद 12 मार्च को भोपाल में एक रिसेप्शन भी होगा। करीब चार महीने पहले अमानत और कार्तिकेय की दिल्ली में सगाई हुई थी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

भोपाल (निप्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा 20911/20912 इंदौर-नागपुर-इंदौर वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस के नर्मदापुरम स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने के कारण इसके भोपाल एवं इटारसी स्टेशन के समय में संशोधन किया गया , जो 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इटारसी जंक्शन पर 20911 वंदे भारत एक्सप्रेस अब 10:45 बजे पहुंचेगी और 10:50 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि 20912 वंदे भारत एक्सप्रेस इटारसी में 19:00 बजे आएगी और 19:05 बजे रवाना होगी। इसीप्रकार 20912 वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल में 20.38 बजे आएगी और 20.43 बजे रवाना होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा से पूर्व रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट अथवा संबंधित रेलवे स्टेशन से अद्यतन समय-सारणी की जानकारी प्राप्त कर लें।

## ताप्ती-कन्हान नदी परियोजना पर सीएम डॉ. मोहन का बड़ा फैसला, एमपी-महाराष्ट्र को मिलेगा फायदा

भोपाल (आरएनएस)। देशभर में नदियों को एक साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश सरकार भी लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी विकास की यात्रा में सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जैसे हमने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी प्रोजेक्ट को राजस्थान के साथ एवं उत्तर प्रदेश के साथ केन-बेतवा नदी प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक प्रारम्भ किया। इस तरह अब हम ताप्ती नदी को लेकर महाराष्ट्र के साथ आगे बढ़ने का निर्णय कर रहे हैं, जो दोनों राज्यों के लिए लाभदायक होगा। इस संबंध में आज बैठक कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि वर्षों से लंबित नदी योजनाओं को लेकर महाराष्ट्र सरकार से बात की गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाया। ताप्ती और कन्हान नदी परियोजना पर जल्द ही ठोस काम शुरू होगा। सीएम मोहन ने बताया कि इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश में करीब 1,23,000 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा। वहीं, महाराष्ट्र में 34,000 हेक्टेयर क्षेत्र को जल आपूर्ति मिलेगी। इस जल प्रबंधन से किसानों की सिंचाई, पीने का पानी और औद्योगिक उपयोग के लिए स्थायी समाधान होगा।

## मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा अपने 51 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य मंत्रालय पर दिया धरना

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा भोपाल के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जुलाई 2024 से 3न्न प्रतिशत महंगाई भत्ता पेंशन हेतु अहर्तादाई सेवा 25 वर्ष करने अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी समाप्त करने,लिपिको की ग्रेड पे में विसंगति दूर कर मंत्रालय के समान करने,पदोन्नति शुरू करने,सातवें वेतनमान के अनुसार वाहन एवं गृह भाड़ा भत्ता देने,संविदा कर्मी स्थाई कर्मी को नियमित करने टैक्सी प्रथा बंद करने वाहन चालक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद नाम बदलने आउटसोर्स प्रथा बंद करने को लेकर सतपुड़ा भवन भोपाल पर मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चे में शामिल समस्त संगठनों व पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया इस अवसर पर मोर्चे के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल थे। मध्य प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है केंद्र सहित अन्य राज्य जहां अपने कर्मचारियों को सभी सुविधाएं वेतन भत्ते एवं लाभ दे रहे हैं वहीं मध्य प्रदेश सरकार अपने वादे से मुकर रही है सरकार ने जल्दी कर्मचारियों की हितैषी निर्णय नहीं लिया तो आने वाले समय में प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शिवपुरी भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने 8 फरवरी को शिवपुरी में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर को लेकर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में जो भी आवेदन आते हैं उन्हें रजिस्टर्ड किया जाए। प्रत्येक आवेदन की एंट्री होना चाहिए। सीईओ और सीएमओ के द्वारा प्रचार प्रसार करके लोगों को जन समस्या निवारण शिविर के बारे में अवगत कराया जाए। इस शिविर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे। 8 फरवरी को शिवपुरी के मानस भवन में और पिछोर में जन समस्या निवारण सिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और आवेदनों पर तत्काल निराकरण करें।यदि किसी आवेदन पर हितग्राहीमूलक योजना का लाभ के लिए आवेदन किया गया है और संबंधित हितग्राही पात्र नहीं है तो उसे अवगत कराएं और पात्र हितग्राहियों के आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाए। अनावश्यक तौर पर कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए जन समस्या निवारण शिविर के बाद मेरे द्वारा इन आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें। इसके अलावा उन्होंने विभागीय कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी तत्परता से काम करें। विशेष कर हितग्राही मूलक योजनाओ में पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए।

## करनाल गुरबख्श सिंह ढिल्लों की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई

भोपाल (आरएनएस)। आजाद हिंद फौज के कर्नल पद्मभूषण गुरुबख्श सिंह ढिल्लन की 19वीं पुण्यतिथि उनके समाधि स्थल हातोद में मनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने अमर शहीद को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रशासनिक अमला सहित आईटीबीपी, सीआरपीएफ के अधिकारियों व शहर के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सर्व धर्म सभा हुई। जिसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म से जुड़े गुरुओं ने अपने अपने विचार रखे। गुरुजनों ने शांति और सद्भाव के मार्ग पर चलने व एकता और भाईचारे के साथ रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लन के साथ के समय को याद किया। इसके बाद समाधि स्थल पर पहुंची मशाल यात्रा को समाधि स्थल पर रखा गया।

## जोमेटो का बदलेगा नाम, कंपनी से मिल गई मंजूरी, जानें क्या होगा नया नाम




नई दिल्ली (ए.)। दिग्गज फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के बोर्ड ने गुरुवार को कंपनी का नाम बदलकर 'इटरनल' करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि जब हमने ब्लिंकिट का अधिग्रहण किया था, तब से आंतरिक तौर पर जोमैटो की जगह इटरनल नाम का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था, जिससे कंपनी और ब्रांड/ऐप के बीच अंतर किया जा सके। जोमैटो के सह-संस्थापक, दीपिंदर गोयल ने कहा कि हमने सोचा था कि जिस दिन जोमैटो से परे कंपनी भविष्य में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लेगी, तब हम कंपनी का नाम सार्वजनिक तौर पर जोमैटो से इटरनल कर देंगे। आज ब्लिंकिट के साथ मुझे लगता है कि वह पल आ गया है। गोयल ने आगे कहा कि हम कंपनी का नाम जोमैटो लिमिटेड से बदलकर इटरनल लिमिटेड कर रहे हैं। फूड डिलीवरी ब्रांड/ऐप के नाम में कोई बदलाव नहीं होगा। कंपनी का नाम बदलने के बाद जोमैटो ऐप पहले की तरह अपने मौजूदा नाम से ऑपरेट करता रहेगा।

## स्वास्थ्य बीमाकर्ता वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रीमियम में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी न करें : आईआरडीएआई



नई दिल्ली (ए.)। भारत में स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने विभिन्न आयु वर्गों के लिए प्रीमियम दरों में भारी बढ़ोतरी की है। कुछ कंपनियों ने तो स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। इसे देखते हुए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष और उससे अधिक उम्र) के लिए बीमा प्रीमियम दरों को हर साल 10 प्रतिशत से अधिक न बढ़ाएं।

बीमा नियामक संस्था ने इस बात पर ध्यान दिया कि कुछ बीमा उत्पादों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्रीमियम दरें बहुत अधिक बढ़ाई जा रही हैं। चूंकि वरिष्ठ नागरिकों की आय सीमित होती है और वे बढ़े हुए प्रीमियम से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, इसलिए आईआरडीएआई ने यह निर्देश जारी किया है।

आईआरडीएआई ने निर्देश दिया है कि अगर किसी बीमा कंपनी को 10 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम बढ़ाना हो, तो उन्हें पहले आईआरडीएआई से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा, कोई भी व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा योजना वापस लेने से पहले भी बीमा कंपनियों को आईआरडीएआई से सलाह-मशविरा करना अनिवार्य होगा।

नए निर्देशों में बीमा कंपनियों को यह भी कहा गया है कि वे अधिक से अधिक अस्पतालों को अपने नेटवर्क में शामिल करें और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) की तर्ज पर अस्पतालों के साथ पैकेज दरों को तय करें। इस योजना के तहत, अस्पतालों में इलाज के शुल्क को पहले से तय किया जाता है ताकि सभी को एक समान दर पर इलाज मिले।

आईआरडीएआई का यह कदम बीमा कंपनियों और पॉलिसीधारकों, दोनों के हितों को संतुलित करने के लिए उठाया गया है।

इसके अलावा, जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी घटाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। माना जाता है कि अगर बीमा प्रीमियम पर जीएसटी कम किया जाता है, तो इससे बीमा कंपनियों और पॉलिसीधारकों, दोनों का कर भार कम होगा। बीमा से जुड़े विभिन्न मामलों पर जीएसटी दरों को लेकर मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। अगली जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी और बीमा प्रीमियम पर मिलने वाली छूट की समीक्षा की जाएगी।



## शेयर बाजार ने की फ्लैट शुरुआत, मामूली बढ़त के साथ खुले सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई (ए.)। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार ने बिल्कुल फ्लैट शुरुआत की। हफ्ते के आखिरी दिन बीएसई सेंसेक्स 61.44 अंकों की बढ़त के साथ 78,119.60 अंकों पर खुला। वहीं दूसरी ओर, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 46.15 अंकों की तेजी के साथ 23,649.50 अंकों पर खुला। बताते चलें कि बुधवार और गुरुवार को भी बाजार ने हरे निशान में कारोबार शुरू किया था लेकिन अंत में गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ था। गुरुवार को सेंसेक्स 242.07 अंकों की तेजी के साथ 78,513.36 अंकों पर और निफ्टी 65.65 अंकों की बढ़त के साथ 23,761.95 अंकों पर खुला था।

**भारती एयरटेल के शेयरों ने बड़ी बढ़त के साथ शुरू किया कारोबार**

शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में खुले, जबकि बाकी की 9 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में खुले। इसी तरह, निफ्टी 50 की 50 में से 26 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में खुले और बाकी की 24 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में खुले। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल भारती एयरटेल के शेयर सबसे ज्यादा 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ खुले, जबकि इंफोसिस के शेयर सबसे ज्यादा 1.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुले।

**बढ़त के साथ खुले ये शेयर**

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 1.76 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो 1.34 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 1.26 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.08 प्रतिशत, जोमैटो 0.83 प्रतिशत, टाटा स्टील 0.60 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 0.58 प्रतिशत, एनटीपीसी 0.51 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 0.43 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.40 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.34 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.31 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.28 प्रतिशत, सनफार्मा 0.15 प्रतिशत, आईटीसी 0.12 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.09 प्रतिशत, टाइटन 0.01 प्रतिशत और एशियन पेंट्स के शेयर भी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ खुले। जबकि आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर बिना किसी बदलाव के खुले।

**नुकसान में खुले इन कंपनियों के शेयर**

आज पावरग्रिड के शेयर 1.51 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.18 फीसदी, टीसीएस 0.55 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.31 फीसदी, नेस्ले इंडिया 0.25 फीसदी, एचसीएल टेक 0.21 फीसदी, इंडसइंड बैंक 0.15 फीसदी और मारुति सुजुकी के शेयर 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ खुले।

## गुड न्यूज : लोन सस्ता होगा, ईएमआई भी घटेगी; आरबीआई ने 5 साल बाद घटाई ब्याज दर

नई दिल्ली ,(ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया। रेपो रेट में कमी आ सीधा असर लोन की ब्याज दरों पर होता है और होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होते हैं।

आरबीआई द्वारा बीते पांच वर्षों में पहली बार रेपो रेट को घटाया गया है। इससे पहले मई 2020 में रेपो रेट को घटाकर 4 प्रतिशत किया गया है। रेपो रेट की समीक्षा के लिए 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक आरबीआई एमपीसी की बैठक हुई थी, जिसके निर्णय का ऐलान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा किया गया।

मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी के फैसलों का देश के सभी नागरिकों पर असर होगा। यह बिजनेस, अर्थशास्त्री और सभी पार्टी के लिए जरूरी है। साथ ही बताया कि महंगाई लक्ष्य के अनुरूप बनी हुई है और इसमें कमी आ सकती है। रेपो रेपो में 0.25 प्रतिशत की कमी के बाद यह 6.25 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि पहले 6.50 प्रतिशत थी।

आरबीआई की ओर से बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में खुदरा महंगाई दर 4.8 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है, जो कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रह सकती है। सामान्य मानसून के कारण खुदरा महंगाई वित्त वर्ष 26 में 4.2 प्रतिशत पर रह सकती है। अगले वित्त वर्ष



की पहली तिमाही में महंगाई 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है।

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत पर रह सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत रह सकती है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.5 प्रतिशत रह सकती है।

## कौन थे ये 'अनजान' शख्स, जिसके लिए 500 करोड़ छोड़ गए रतन टाटा? वसीयत ने सबको चौंकाया

नई दिल्ली, (ए.)। उद्योगपति रतन टाटा की वसीयत में एक नाम ने सबको चौंका दिया है। इस वसीयत में जमशेदपुर के मोहिनी मोहन दत्ता को 500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति मिलने का उल्लेख है। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह राशि रतन टाटा की कुल संपत्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा है।



मोहिनी मोहन दत्ता, जो टाटा परिवार का हिस्सा नहीं हैं, एक अज्ञात व्यक्ति हैं, जिससे वसीयत में उनके नाम का उल्लेख आश्चर्यजनक है। बताया जाता है कि दत्ता और रतन टाटा की पहली मुलाकात 1960 के दशक की शुरुआत में जमशेदपुर के डीलर्स हॉस्टल में हुई थी, जिसने दत्ता के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया। उस समय रतन टाटा 24 वर्ष के थे, जबकि दत्ता अब 80 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

दत्ता ने अपने करियर की शुरुआत ताज ग्रुप के साथ की थी और बाद में स्टैलियन ट्रेवल एजेंसी नामक अपना उद्यम शुरू किया। 2013 में स्टैलियन ट्रेवल एजेंसी का ताज ग्रुप ऑफ होटल्स की इकाई ताज सर्विसेज में विलय हो गया। वसीयत में दत्ता के नाम के खुलासे से कई लोगों को आश्चर्य हुआ है क्योंकि वह टाटा परिवार से संबंधित नहीं हैं। फिलहाल, मोहिनी दत्ता या टाटा परिवार की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वसीयत के अनुसार संपत्ति का वितरण उच्च न्यायालय के प्रमाणीकरण के बाद ही किया जा सकेगा, जिसमें लगभग छह महीने लगने का अनुमान है।

# प्रादेशिक समाचार

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो पटवारी निलंबित

जबलपुर (आरएनएस)। राजस्व प्रकरणों में गति लाने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ पटवारियों के उनके पटवारी हल्का में शामिल प्रत्येक गांव में सप्ताह के एक दिन उपस्थिति का समय और दिन नियत करने के बाद अब कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार पटवारियों की निर्धारित दिन कार्य स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। आकस्मिक निरीक्षण की इस कार्यवाही के दौरान जहां ईमानदारी से अपने कार्य को संपादित करने वाले पटवारियों को कलेक्टर की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जा रहें हैं वहीं लापरवाह पटवारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।

इसी सिलसिले में बीते दिन बुधवार को अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, सयुंक्त कलेक्टर धीरेंद्र सिंह एवं सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी ने क्रमशः पाटन, शहपुरा और सिहोरा क्षेत्र का भ्रमण कर पटवारियों के निर्धारित कार्यस्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्त्तव्य से अनुपस्थित मिले दो पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है, वहीं पूरे समय कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं होने की ग्रामीणों और किसानों से मिली शिकायतों पर दो पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब तलब किया गया है। इसके साथ ही ऐसे दो पटवारियों कलेक्टर श्री सक्सेना की ओर से प्रशस्ति पत्र भी जारी किये गये हैं जो आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पूरे समय कर्त्तव्य पर उपस्थित होकर पीएम किसान ईकेवायसी, फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर, खसरा लिंकिंग और नामांतरण एवं सीमांकन का कार्य संपादित कर रहे थे।

## मुख्य आरोपी सहित 6 गिरफ्त में, जेल भेजा

उज्जैन, (ए.)। देसाईनगर में सड़क पर जन्मदिन मनाने के दौरान हुए विवाद में माधवनगर पुलिस अब तक मुख्य आरोपी सहित 5 को जेल भेज चुकी है। इसमें शामिल एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा है। पुलिस अब फरार पांच अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

दरअसल, मुख्य आरोपी स्वयं त्रिपाठी देसाईनगर क्षेत्र का आदतन बदमाश है। उस पर पहले से 3-4 मामले दर्ज हैं। वह अड़ीबाजी के मामले में जेल गया था और कुछ दिन पहले ही छूटकर आया है। 31 जनवरी को वह साथियों के साथ मिलकर जोर-जोर से डीजे बजाते हुए अपना जन्मदिन मना रहा था।

उसकी गतिविधि को देखते हुए पास में रहने वाला अंकित गौड़ वीडियो बनाने लगा। यह देख स्वयं और उसके साथियों भड़क गए और गुंडागिर्दी करते हुए घर में घुस गए। उन्होंने अंकित सहित जोगेंद्र सिंह गौड़, विजय गौड़, रोहित गौड़, सुमित गौड़ से मारपीट की थी। इसमें जोगेंद्र सिंह गंभीर घायल हो गए थे।

## इंदौर में दुष्कर्मी को फांसी की सजा, मुंह दबाकर बच्ची को उठा ले गया था युवक



इंदौर (ए.)। इंदौर में एक युवक को सात साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फांसी की सजा सुनाई है। इसके अलावा पीड़िता को पांच लाख रुपये भी देने को कहा है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जो पीड़िता बलात्कार के बाद जीवित रहती है। उसकी जिंदगी मृत्यु से ज्यादा कष्टदायक हो जाती है। उसे जीवन भर पीड़ा होती है।

आरोपी ने जिस तरह क्रूर तरीके से बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। उसकी मानसिकता को देखते हुए अभियुक्त को मृत्युदंड से ही दंडित किया जाना उचित होगा,ताकि समाज में इस तरह के अपराधों पर रोकथाम हो सके।

पिछले साल हीरानगर थाना क्षेत्र की स्कीम 136 में हुए दुष्कर्म के मामले में जिला कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी मंगल पंवार पिता लाल सिंह निवासी देवास को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीन साल और पांच साल के सश्रम कारवास से भी दंडित किया है। प्रकरण में पीड़िता की तरफ से संजय मीणा ने पैरवी की थी।

**बच्ची को उठाकर ले गया था आरोपी**

घटना पिछले साल 27 फरवरी मजदूरी के लिए स्कीम-136 में रहने वाले परिवार की बच्ची को आरोपी उसकी झोपड़ी से उसका मुंह दबाकर उठा ले गया था। तब उसकी मां झोपड़ी के पीछे कपड़े धो रही थी। अचानक उसने अपनी बच्ची के चीखने की आवाज सुनी। झोपड़ी के सामने खाली प्लॉट पर एक युवक उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था। इस बीच आसपास के लोग भी एकत्र हो गए तो आरोपी युवक वहां से भाग गया,लेकिन कॉलोनी के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी कचरा बीनता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना जिले की सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4-4 लाख की सहायता**

उमरिया (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना में हुई सड़क दुर्घटना पर दुरूख व्यक्त किया है। गुना के थाना फतेहगढ़ के रामनगर में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 2 लोगों की आकस्मिक मृत्यु एवं 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त गुना जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

## इंदौर को बाइपास कर सीधे उज्जैन से ओंकारेश्वर जा सकेंगे वाहन, चौड़ी सड़क पर हो जाएगा ट्रैफिक डायवर्ट



इंदौर (ए.)। इंदौर देश का ऐसा शहर है जिसके 60-70 किलोमीटर की दूरी पर दो ज्योर्तिलिंग है। लोग उज्जैन से ओंकारेश्वर जाने के लिए इंदौर होकर जाते है, लेकिन अब उज्जैन रोड और बाइपास को जोड़ने के लिए एक सड़क इंदौर विकास प्राधिकरण तैयार कर रहा है, जिससे होकर उज्जैन से सीधे ओंकारेश्वर की तरफ पर्यटक शहरी ट्रैफिक का सामना किए बगैर चले जाएंगे।

इससे दोनो तीर्थ स्थलों के बीच लगने वाली दूरी भी कम हो जाएगा,क्योकि सुबह और शाम इंदौर शहर के ट्रैफिक को पार करने के लिए 30 से 45 मिनट का समय लग जाता है। उधर इंदौर से खंडवा रोड को फोरलेन और उज्जैन रोड को छह लेन करने का काम भी शुरू हो चुका है। इसके बाद उज्जैन से ओंकारेश्वर तक यात्री ढाई से तीन घंटे में जा सकेंगे।

**200 करोड़ हो रहे खर्च एमआर-12 में**

मास्टर प्लान के हिसाब से एमआर-12 सड़क नौ किलोमीटर लंबी है। यह छह लेन बनेगी। इस पर प्राधिकरण दो सौ करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रहा है। 100 करोड़ रुपये तो रेलवे क्रासिंग और नाले पर बनने वाले ब्रिज पर ही खर्च होंगे। यह बायपास के अरंडिया गांव से शुरू होकर कैलोद हाला, भांग्या, कुमेंडी होते हुए इंदौर उज्जैन रोड से जुड़ेगी। इस सड़क का निर्माण शुरू हो चुका है। इंदौर के संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि सिंहस्थ मेले से पहले सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

**सीएम का उतरा था हैलीकाप्टर**


दो माह पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर आए थे तो वे एमआर-12 रोड़ के निर्माण कार्य को देखने आए थे। उनका हैलीकाप्टर इस सड़क पर ही उतारा गया था। तब अफसरों ने उन्हें बताया था कि यह सड़क अगले पचास सालों तक खराब नहीं होगी।

**यह होगा एमआर-12 रोड के बनने से फायदा**

- उज्जैन की तरफ से आने वाले वाहनों को खंडवा या सेंधवा की तरफ जाने के लिए शहर में आने की जरुरत नहीं होगी। वे सीधे इंदौर के बाइपास से कनेक्ट हो जाएंगे।

- इंदौर के आबादी क्षेत्र से भारी वाहनों की आवाजाही का दबाव कम होगा। अभी एमआर-11 मार्ग से होते हुए भारी वाहन सुखलिया ग्राम, चंद्रगुप्त मोर्य प्रतिमा होते हुए लवकुश चौराहा तक जाते है।

## अस्पताल में मरीज के परिजनों ने डॉक्टर से की मारपीट और तोड़फोड़ः तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



छिंदवाड़ा(जुन्नारदेव) (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात मरीज के परिजनों ने डॉक्टर से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं अस्पताल में तोड़फोड़ कर हंगामा मचा दिया। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने काम बंद करने की चेतावनी दी, जिससे मामला और गरमा गया।

जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार देर रात मरीज के 10-15 परिजनों ने डॉक्टर से मारपीट की। इसमें साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया गया है। डॉक्टरों द्वारा मारपीट का विरोध करते हुए काम बंद किए जाने की चेतावनी देने से मामला बढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी राजेश बंजारे थाना प्रभारी राकेश बघेल पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे।

इसके बाद घायल डॉक्टर से चर्चा की। मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्याः कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

हरदा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के हरदा से बड़ी खबर सामने आई है। यहां अज्ञात कारणों के चलते 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर जांच पड़ताल शुरू की। मामला हरदा जिले के सिराली थाना अंतर्गत का है। जहां 22 वर्षीय सिराली पंचायत के पूर्व सरपंच दयाराम उइके के बेटे राधेश्याम उइके (जाति गोंड) ने अज्ञात कारण से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वक्फ संपत्ति पर विवाद

वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली।


भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा।

जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं।

जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं।

अनुमान है कि 2009 में वक्फ के पास चार लाख एकड़ जमीन थी, जो आठ लाख एकड़ तक जा पहुंची है। इनमें कब्रगाहों के अतिरिक्त मदरसों व मस्जिदों की जमीनें बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104ए पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी भी तरह के बंधन या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए अधिकारों को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं।

चूंकि मोदी सरकार समुदाय विशेष के साथ पक्षपाती रवैया रखती है इसलिए उसके द्वारा लिए गए कोई भी निर्णय संदेह से परे नहीं माने जाते। विपक्ष को अपनी बात सलीके से रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी किया जाना तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने की बजाए मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जबावदेह होना चाहिए।



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुंबई में मौद्रिक नीति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

## कवि प्रदीप का जन्म मध्यप्रदेश के बड़नगर

# गीतों की शब्द शक्ति से राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान जागरण की यात्रा

रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में करोड़ो प्राणों के बलिदान हुये । ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों केलिये आव्हान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी । अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाल: ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। जिन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतन्त्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष केलिये आव्हान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा । स्वाधीनता के पूर्व --दूर हटो ये दुनियाँ वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है । और स्वतंत्रता के बाद- ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आँख में भर लो पानी जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियाँ के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे इसमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आये । और राष्ट्र भक्ति के ही सौ से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गये ।

ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के अंतर्गत बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था । इसलिये प्रदीपजी मन और विचार बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंम्भिक शिक्षा बड़नगर में ही और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई।

कविताएं लिखने का शौक उन्हे बचपन से था । वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। उनकी इसी विधा ने पढ़ाई के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गये । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभाव शाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई । दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक




भी थे । उनके मार्गदर्शन गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई ।

प्रदीपजी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की और शिक्षक बनने की तैयारी भी । पर गीत रचना निरन्तर रही । उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे । और उनके कुछ गीत फिल्मों में आये । वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे । उन्ही दिनों प्रदीपजी ने चल चल रे नौजवान एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म नौजवान में आ गया । फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी । यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी । इस गीत के साथ प्रदीप जी रातोंरात पूरे देश में लोकप्रिय हो गये । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों भारत छोड़ो आंदोलन का एक मंत्र बन गया । यह गीत था आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है । यह गीत समाज को आव्हान करने वाला था आँदोलन के दौरान उस समय हर गली चौराहे पर गाया गया । 1944 में उनके एक और गीत दूर हटो ऐ दुनिया वालो, यह हिन्दुस्तान हमारा है ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया । अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया । कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गये । बाद में फिल्म निर्माताओं ने मध्यस्थता की और प्रशासन को फिल्म स्क्रिप्ट केलिये इन गीतों की आवश्यकता बताई तब जाकर वारंट निरस्त हुआ ।

प्रदीप जी ने स्वतंत्रता के बाद जागृति जैसी फिल्मों के लिये नये अंदाज से गीत लिखे । हम लाए हैं तूफान से किश्त निकल के आज भी लोकप्रिय है । उन्होंने 1954 में बच्चों को समझाया कि आओ बच्चों तुम्हें दिखाये झाँकी हिन्दुस्तान की । इस गीत में भारत के गौरवमयी अतीत की मानों एक झाँकी थी । स्वतंत्रता की इस यात्रा के बीच ही 1962 में भारत चीन युद्ध आ गया । उस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कितनी विषम परिस्थिति में भारत राष्ट्र की रक्षा की । वे कहानियाँ दिल को दहलाने वाली है । सैनिकों के बलिदान पर उनका गीत ऐ मेरे वतन के लोगो, जरा आँख में भर लो पानी की रचना की । जिस भाव से प्रदीप ने इस गीत की रचना की उसी भावना से लता जी ने गाया । इस गीत के बोल आज भी हृदय को छू जाते हैं। यह गीत देश भक्ति के गीतों में अग्रणी माना गया । भारत सरकार ने उन्हे राष्ट्र कवि के सम्मान से सम्मानित किया ।

26 जनवरी 1963 को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लता जी ने प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में यह गीत गाया । नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय गणतंत्र समारोह में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आँख में आँसू न आये हों। प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी को सैनिकों की विधवा सहायता कोष यनि वॉर विडो फंड में जमा करने की घोषणा की । पर गीत के अधिकार रखने वाली कंपनी एच एम वी ने समय पर पैसा जमा नहीं किया । और मामला कोर्ट में गया । एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 25 अगस्त 2005 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एचएमवी कंपनी को रॉयल्टी के बकाया के रूप में 1 मिलियन रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। देश भक्ति मानों प्रदीप जी के रक्त में थी । 1987 में प्रदीप जी ने कहा था- कोई भी आपको देशभक्त नहीं बना सकता। यह आपके खून में होती है। आप इसे देश की सेवा के लिए कैसे लाते हैं जो आपको अलग बनाता है। सतत शब्द साधना और अपने गीतों से राष्ट्र साधना में रत प्रदीप जी ने अंतत: 11 दिसम्बर 1998 को 83 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा ली ।

**शत शत नमन ।**

# ममता कुलकर्णी की नई शुरुआत

अमरपाल सिंह वर्मा

कई लोग सफलता और भौतिक सुख को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मान लेते हैं, लेकिन जिंदगी कब-कहां लेकर चली जाए, कौन जानता है। चर्चित हीरोइन का किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन जाना बहुत कुछ सोचने को मजबूर करता है।

ममता कुलकर्णी लंबे समय तक ग्लैमर की जिस दुनिया में रहीं, वह दुनिया जितनी आकषर्क दिखती है, उतनी ही मुश्किल भी है। ममता का जीवन भी इससे अछूता नहीं रहा। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, वैसे-वैसे विवाद भी उनके जीवन का हिस्सा बनते गए लेकिन ग्लैमर और ऐर्य से भरी जिंदगी को छोड़ कर वैराग्य के जिस सफर पर वह चल पड़ी हैं, यह कोई सहज मोड़ नहीं है। किसी भी व्यक्ति के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना बहुत कठिन होता है। लेकिन ममता ने यह कदम उठाया है और अध्यात्म के जरिए आत्मिक शांति की खोज शुरू की है तो इसके कुछ निहितार्थ तो होंगे ही।

मायानगरी मुंबई में पहचान बनाना लाखों युवाओं का सपना होता है। हर युवा बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में प्रवेश करना और उसमें अपनी पहचान बनाना चाहता है। ममता का भी यह सपना था, जिसे उन्होंने साकार किया। नब्बे के दशक में ममता कुलकर्णी चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने वक्त हमारा है',चाइना गेट', सबसे बड़ा



खिलाड़ी', क्रांतिवीर', बाजी', करण-अर्जुन' जैसी तमाम फिल्मों से अलग पहचान बनाई लेकिन ग्लैमर और सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने जिस तरह अपनी जिंदगी की दिशा बदली है, वह उनके जीवन में आए उतार-चढ़ावों को दर्शाने के लिए काफी है।

एक ओर जहां उनके ग्लैमरस फोटोशूट और बोल्ड व्यक्तित्व ने उन्हें मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखा, वहीं उनका नाम कई विवादों से भी जुड़ा। इसके उपरांत धीरे-धीरे वह फिल्मी दुनिया से दूर होती चली गई। फिल्म संसार से गायब होने के बाद ममता ने अध्यात्म की राह चुनी। खुद को मीडिया और सार्वजनिक जीवन से दूर ले गई। धीरे-धीरे उनका जुड़ाव आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता गया। ममता की 2013 में आई किताब %ऑटोबायोग्राफी ऑफ एन योगिनी' भी इस तरफ इशारा कर रही थी। ममता ने एक दशक पहले कहा था कि कुछ लोग दुनिया के कामों के लिए पैदा होते हैं जबकि कुछ ईर के लिए पैदा होते हैं। मैं भी ईर के लिए पैदा हुई हूं।

ममता ने फिल्मी दुनिया से दूर होकर अध्यात्म का रास्ता अपना लिया है। महाकुंभ के दौरान उन्हें किन्नर अखाड़े ने महामंडलेर की उपाधि दे दी है। वैराग्य धारण करने के बाद ममता को नया नाम ममतानंद गिरि भी मिल गया है। जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखने के बाद ममता शायद यह सोच कर संन्यासिन बनी हैं कि सच्ची खुशी और शांति बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में होती है।

ग्लैमरस हीरोइन से महामंडलेर तक की उनकी यात्रा से यह संदेश तो मिलता ही है कि जिंदगी में कभी भी नई शुरुआत की जा सकती है। ममता ने विवादों और संघर्ष से घिरने के बावजूद अपनी राह चुन ली है। यह सफर भले ही ममता का है पर यह हमें भी यह सोचने पर मजबूर करता है कि जीवन का असली उद्देश्य क्या है, और हम उसे पाने के लिए क्या कदम उठा सकते हैं? आज से पहले ममता की कहानी सिर्फ बॉलीवुड से जुड़ी हुई थी, अब यह कहानी हर उस व्यक्ति के लिए है, जो जीवन में बदलाव और आत्म-साक्षात्कार की तलाश करना चाहता है।



## आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा। वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे ।

मिथुन राशि: आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेंगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देंगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगे, आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा। अपनी समझदारी से आप फालतू के खर्चों से बच सकते हैं।

कर्क राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा, आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आप स्वयं को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आपको आज शुभ संदेश मिलेगा, जिससे आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नए विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं, जहां दोस्तों से मुलाकात होगी। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज उलझनों को खुद से दूर रखें, इससे आप बेहतर तरीके से फैसला ले पाएंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा, अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आप आपको फिजूल की बहस से बचने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें।

धनु राशि: आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ और मान-सम्मान का ध्यान जरूर रखें तथा उनके मार्गदर्शन पर अमल करें। आप परिवार वालों के साथ अधिक समय बिताएंगे, कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जाएंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा। आज शाम को पार्क घूमने जाएंगे, जिससे आपका मन तरोताजा रहेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा।

# विजयवर्गीय विरोधी गुट के पक्ष दिल्ली में मोर्चा संभाले हुए थे जगत मामा

## शिवराज-कैलाश...अदावत बरक़रार

नितिनमोहन शर्मा

शिवराज-कैलाश के बीच की तल्ख़ी हैं कि कम होने का नाम ही नही ले रहीं। ज़िले के अध्यक्ष पद जैसी छोटी बात पर भी ये तल्ख़ी छुप नही पाई। प्रदेश सरकार में मंत्री या प्रदेश अध्यक्ष जैसा कोई मामला होता तो समझ भी आता। लेकिन इंदौर भाजपा की कप्तानी जैसी बात पर विजयवर्गीय को उनके ही घर में घेरने के लिए जगत मामा ने श्रीमंत का साथ भी जुटा लिया और ताई-भाई की लड़ाई को फिर से जीवित भी कर दिया। सफ़लता फ़िर भी पूर्णरूपेण हाथ नही आई। सिवाय विजयवर्गीय का ब्लडप्रेशर ऊपर नीचे करने और इंदौर का फ़ैसला सबसे अंत तक खिंचाने के अलावा इस घेराबंदी का कोई लाभ नही मिल पाया। उलटे इस बात का ख़ुलासा भी हो गया कि भविष्य में विजयवर्गीय की राह में प्रदेश से जुड़े कौन तीन बड़े नेता आड़े आएंगे।द्व

किसी ज़माने के अभिन्न मित्र शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय के बीच अदावत अब भी बरक़रार हैं। यह अदावत पूर्व मुख्यमंत्री की दिल्ली की नई भूमिका के बाद भी कम नही हुई हैं। इस अदावती का ख़ुलासा इंदौर ज़िले में करीब डेढ़ महीनें चली ज़िले व शहर के अध्यक्ष पद की लड़ाई से हुआ। लंबी चली इस लड़ाई का कारण ही ये रहा कि दिल्ली में शिवराजसिंह ने ही विजयवर्गीय विरोधी खेमे के पक्ष में मोर्चा संभाल रखा था। केंद्रीय संगठन के समक्ष इंदौर की बात वे ही रख रहें थे।

इस काम के लिये पूर्व मुख्यमंत्री ने वैसे ही दिल्ली में भी गुट बना लिया था, जैसा उनके इशारे पर इंदौर में विधायकों के एक गुट ने डॉ मोहन यादव के सत्तानशीन होते ही बना रखा हैं। दिल्ली में कैलाश विजयवर्गीय विरोधी खेमे को मजबूती देने के लिए उन्होंने ताज़ा ताज़ा भाजपा में आये केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी साथ लिया। इस कारण अध्यक्ष की लड़ाई न सिर्फ लंबी चली, बल्कि सबसे आख़िर में ही अपने इंदौर का फ़ैसला हो पाया।

जगत मामा यही नही रुके। उन्होंने दिल्ली में अपनी बात में वजन बढ़ाने के लिए शहर की आठ बार की सांसद व पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन का भी साथ लिया था। ताई-भाई की पुरानी लड़ाई को जीवित करते हुए जगत मामा ने घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी दांव पर लगाया। ताई ने वीटो भी लगाया। बावजूद इसके मामा गुट सफ़लता मनोनुकूल नही मिल पाई। ज़िले में बदलाव तो हुआ लेक़िन मनोनुकूल नही हो पाया। शहर कैलाश विजयवर्गीय के पाले में ही आया। ज़िले में भी ऐसा अध्यक्ष सामने आ गया, जिसकी रत्तीभर भी कल्पना न शिवराज ने की थी, न बड़े गांव के मौजूदा विधायक ने की थी।

इस लड़ाई में घर बैठे ही बड़ा नुकसान मन्त्री तुलसी सिलावट का भी हो गया जो अब तक टकराव की राजनीति से सदैव दूर रहते आये। चाहे फ़िर वो पुराना दल कांग्रेस हो या नई भाजपा। लेक़िन पहलवान को भी अपने श्रीमंत के लिये वो करना पड़ा, जो वे कम से कम कैलाश कैम्प के साथ तो कभी करते नहीं। ज़िले की इस लड़ाई का असर 2028 में कम से कम सांवेर में तो साफ़ नज़र आना तय हैं। असर देपालपुर-महू में भी होगा।

मामला चिंटू वर्मा को पुन: जिलाध्यक्ष बनाने से जुड़ा हुआ था। वर्मा का दांवा प्रदेश भाजपा की संगठन चुनाव की उस नीति के तहत था, जिसमे तय हुआ था कि ऐसे जिलाध्यक्ष बदले नही जाएंगे, जिनकी नियुक्ति को सालभर नही हुआ। चिंटू इसी सालभर कोटे में थे। लिहाज़ा उनका बनना लगभग तय था लेक़िन अकस्मात ज़िले में चिंटू का विरोध उभर आया, जो रायशुमारी तक नेपथ्य में था। मंत्री सिलावट को इसका अगुवाकार करार दिया गया। तब किसी को भरोसा नही हुआ। क्योंकि मंत्री सिलावट का तालमेल कैलाश कैम्प बेहतर व मजबूत था।

देखते ही देखते सिलावट के साथ जिले के दो अन्य विधायकों का साथ भी जुड़ गया। देपालपुर विधायक मनोज पटेल का जुड़ना स्वभाविक था। उनकी पटरी विजयवर्गीय से शुरू से नही बैठी। ऐसा ही महू विधायक उषा ठाकुर का नाता विजयवर्गीय से रहा। लिहाज़ा ज़िले के तीनों विधायक चिंटू के विरोध में क़रार दे दिए गए। इस बेक़रारी की पैरवी



पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने दिल्ली में संभाल ली और वे इस विरोध को केंद्रीय संगठन के अहम नेता की चौखट तक ले पहुँचे। बताया गया कि जब विधायक नही चाह रहे तो फ़िर चिंटू की ज़िद क्यों? ये तर्क असरकारी रहा और विजयवर्गीय विरोध रंग ले आया। लेक़िन ये रंग आंशिक ही रहा।

बड़े नेताओं लड़ाई में सिलावट, पटेल का हो गया नुकसान

चिंटू वर्मा के विधायकों के विरोध बात जँची तो केंद्रीय नेतृत्व ने विजयवर्गीय से भी बात की और वैकल्पिक नाम मांगे। अपने ख़िलाफ़ हुई इस मुख़ालफ़त को जान कैलाश कैम्प ने तीन नाम दिल्ली रवाना किये। ये तीनो नाम विरोध करने वालों के लिए बम जैसे गिरे। इसमे महू से सन्तोष पाटीदार, सांवेर से सावन सोनकर और देपालपुर से श्रवण सिंह चावड़ा का था। यानी ज़िले की तीनों तहसीलों से वैकल्पिक नाम रख दिये गए। अब महू विधायक पाटीदार के नाम से तो सहमत होने से रही। ये ही हाल पहलवान के भी हो गए। वे कैसे सोनकर परिवार की विरासत को सांवेर में फ़िर से जिंदा करते। मन्त्री महोदय को ख़ुलासा फर्स्ट ने वक्त रहते आगाह भी किया था कि ज़िले में बदलाव हुआ तो सांवेर की विरासत सामने आ जायेगी। ले देकर श्रवण रह गए और मनोज उलझ गए। वे चिंटू का विरोध करने के फेर में नुकसान में हो गए। क्योकि ताज़ा जिलाध्यक्ष से उनके रिश्ते अरसे से असहज ही हैं। कैलाश कैम्प की तरफ से चावड़ा के नाम की पैरवी मिशन 2023 में बड़े गांव से हो चुकी हैं। नतीज़तन ज़िले की इस लड़ाई में मिशन 2028 की ज़मीन तैयार कर दी हैं, जिससे अब सिलावट भी अछूते नही रहना हैं।

## पत्नी की आंख में मिर्च झोंकी फिर डीजल डालकर जिंदा जलाया, कोर्ट ने राक्षस पति को सुनाई ये सजा

बिजनौर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक अदालत ने तीन साल पहले अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी ने पहले अपनी पत्नी की आंखों में मिर्ची पाउडर डाला और फिर डीजल डालकर उसे जिंदा जला दिया था। इस मामले में दोषी के माता-पिता सहित अन्य लोगों पर भी यातना देने के आरोप थे।

यह घटना 3 अप्रैल, 2022 को धामपुर, उत्तर प्रदेश में हुई थी। मृतका के भाई, जसपुर, उत्तराखंड के सोनू जोशी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी 2012 में सचिन कुमार से हुई थी, जो धामपुर, बिजनौर का रहने वाला है। शादी के कुछ समय बाद ही सचिन, उसके माता-पिता आदेश और कविता, और अन्य रिश्तेदारों ने उनकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।

शिकायतकर्ता के अनुसार, सचिन नशे का आदी था और विरोध करने पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। सोनू जोशी ने बताया कि 3 अप्रैल की सुबह सचिन ने जानबूझकर उनकी बहन की आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया। जब वह बाथरूम से अपनी आंखें साफ करके बाहर आई, तो सचिन के माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों ने उसे पकड़ लिया और उस पर डीजल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 22 जुलाई, 2022 को उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने सचिन के पिता आदेश और भतीजे अभिषेक के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया था, लेकिन सबूतों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह ने मुख्य आरोपी सचिन कुमार को आजीवन कारावास और 25,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## सिद्धारमैया को राहत, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'मुडा' मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज की




बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को बड़ी राहत देते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने याचिका खारिज की।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 27 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को मामले में पहला आरोपी बनाया गया था, जबकि उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती को दूसरा आरोपी बनाया गया था।

फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने इसे एक अस्थायी झटका बताया और कहा कि आदेश पत्र उपलब्ध होने के बाद अपील दायर की जाएगी।

सिद्दारमैया पर आरोप है कि उन्होंने एमयूडीए के अधिग्रहित 3 एकड़ और 16 गुंटा भूमि के बदले में अपनी पत्नी के नाम पर 14 साइटों के लिए मुआवजा हासिल करने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम, गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम के पास महाकुंभ मेला स्थल पर कई टेंटों में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन कर्मी।

## प्रधानमंत्री मोदी देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए तत्पर हैं : गिरिराज सिंह

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यापक विचार रखने वाला व्यक्तित्व बताया। उनके मुताबिक देश का मान बढ़ाने की सोच के साथ पीएम मोदी आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में तत्पर हैं। उनके पास राष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ बनाने का एक व्यापक विचार है, जिसे वे लगातार जमीन पर उतारने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव हो या राहुल गांधी या अरविंद केजरीवाल, इन लोगों को जनता ने नकार दिया है। इन लोगों को देश की जनता अब पसंद नहीं करती है।

वहीं, मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली के आरोप को सिरे से नकारते हुए कहा, यह उनकी हार की खीज है। जनता अखिलेश यादव को नकार चुकी है, इसलिए उनके मन में इस तरह की खीज है। अखिलेश यादव को जनता ने पहले भी नकारा था और अब भी नकारा है।

उन्होंने अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। बोले, उन्हें इस चुनाव में 16 सीटें भी नहीं



मिलने जा रही हैं।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने हमारे 16 उम्मीदवारों को फोन किया है। हमारे विधायकों से कहा गया है कि आप हमारे साथ आ जाएं, हम आपको मंत्री बना देंगे।

इस संबंध में अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट भी डाला था।

इसमें उन्होंने कहा था, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि गाली-गलौज पार्टी की 55 से ज़्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फ़ोन आ गए हैं कि आप छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज़्यादा सीटें आ रही हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फ़ोन करने की क्या ज़रूरत है? ज़ाहिर तौर पर ये फ़र्ज़ी सर्वे करवाए ही इसलिए गए हैं, ताकि ये माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके। पर गाली-गलौज वालों, हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा।

## चुनाव आयोग में बैठे कुछ लोग पेड एजेंट : राम गोपाल यादव

नई दिल्ली (आरएनएस)। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने चुनाव आयोग पर शुक्रवार को जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग में ऐसे लोग हैं जैसे वे किसी पार्टी के पेड एजेंट हों। इस तरह के लोग आयोग में बैठे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, हम आरोप नहीं लगा रहे हैं, ये तथ्य हैं। अखिलेश यादव ने जो आरोप लगाए हैं, वह बिल्कुल सही आरोप थे। बता दें कि मिल्कीपुर सीट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, जिन संवैधानिक संस्थाओं से देश के लोकतंत्र को आशा है, अगर वही निराशा को जन्म देंगे, तो उनसे हम उनकी अपनी भूमिका के लिए श्वेतपत्र नहीं मांगेंगे, बल्कि उन्हें श्वेतवस्त्र भेंट करेंगे।

# दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर सेवाएं बाधित होने से यात्री हुए परेशान, डीएमआरसी ने बताई वजह

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर शुक्रवार को सेवाएं कुछ देर के लिए प्रभावित रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट कर रेड लाइन पर सेवाओं के प्रभावित होने की जानकारी दी।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर लिखा, रेड लाइन अपडेट, नेताजी सुभाष प्लेस और तीस हजारी के बीच सेवाओं में देरी। असुविधा के लिए खेद है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अन्य लाइनों का उपयोग करें।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली मेट्रो की अन्य सभी लाइनों पर सेवा सामान्य रूप से चल रही है।

हालांकि, कुछ देर के बाद डीएमआरसी ने एक और पोस्ट शेयर कर रेड लाइन पर मेट्रो सेवा के सुचारू रूप से चलने की जानकारी दी। डीएमआरसी ने बताया कि तकनीकी समस्या को दूर कर लिया गया है और



मेट्रो सेवाएं अब सुचारू रूप से चल रही हैं।

इससे पहले बीते साल 5 दिसंबर को दिल्ली-नोएडा के सबसे व्यस्त रूट यानि ब्लू लाइन पर मेट्रो की रफ्तार धीमी हो गई थी। डीएमआरसी ने इसकी वजह केबल चोरी को बताते हुए कहा था कि केबल चोरी के कारण मेट्रो रुक-रुक कर चल रही थी।

बताते चलें कि दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन दिल्ली के रिठाला से यूपी के गाजियाबाद में स्थित शहीद स्थल (नया बस अड्डा) के बीच चलती है। इस लाइन पर रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं। हालांकि, आज सुबह हुई दिक्कत के चलते यात्रियों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस बीच, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सूरजकुंड मेले की टिकट की बिक्री शुरू कर दी है। डीएमआरसी अपने मोबाइल एप्लीकेशन और मेट्रो स्टेशन पर मेले के टिकट बेच रहा है।

आधिकारिक बयान में बताया गया कि डीएमआरसी मोमेंटम 2.0 ऐप के माध्यम से सभी मेट्रो स्टेशन और मेला स्थल पर टिकट काउंटर से टिकट खरीदा जा सकता है।

## श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन, आरएसएस ने दिया था प्रथम कार सेवक का दर्जा



अयोध्या (आरएनएस)। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वो लंबे समय से बीमार थे और सर गंगाराम अस्पताल में उपाचराधीन थे। कामेश्वर चौपाल ने राम मंदिर निर्माण में पहली ईंट रखी थी। संघ ने उन्हें प्रथम कार सेवक का दर्जा भी दिया था। भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को की गई थी, लेकिन राम मंदिर आंदोलन में 9 नवंबर 1989 को पहली आधारशीला रखने वाले कामेश्वर चौपाल ही थे। उस समय वे विश्व हिंदू परिषद के स्वयंसेवक भी थे। राम मंदिर आंदोलन में कामेश्वर चौपाल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनकी अहम भूमिका देखते हुए ही उन्हें आधारशीला रखने के लिए चुना गया था। वहीं, अगर उनकी राजनीतिक यात्रा की बात करें, तो उन्होंने 1991 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। भाजपा में शामिल होने के लिए उन्होंने विश्व हिंदू परिषद छोड़ दिया था। पार्टी ने उन्हें चुनावी मैदान में भी उतारा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी ने उन्हें रोसड़ा लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद 1995 में उन्हें बिहार की बेगूसराय सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया और उन्हें यहां भी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2002 में उन्हें बिहार विधान परिषद का सदस्य भी बनाया गया था। 2014 तक वे बिहार विधान परिषद के सदस्य भी रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने सुपौल सीट से चुनावी मैदान में उतारा, लेकिन इस बार भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान उप-मुख्यमंत्री पद के लिए भी उनका नाम की खूब चर्चा देखने को मिली थी। 2002 से 2014 तक वे राज्यसभा सदस्य रहे। कामेश्वर चौपाल 1982 में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य बने थे। 1989 में उन्हें पहली बार राज्य प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। चौपाल ने जेएन कॉलेज मधुबनी से ग्रेजुएशन किया था और 1995 में मिथिला विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री हासिल की।



फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला "शिल्प महाकुंभ" के उद्घाटन के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ.

## आंवला, मोरिंगा के बाद आयुष मंत्रालय ने शतावरी पौधे के लिए चलाया अभियान

नई दिल्ली , (आरएनएस)। आंवला, मोरिंगा, गिलोय और अश्वगंधा जैसे औषधीय पौधों को लेकर चले सफल अभियानों के बाद, आयुष मंत्रालय ने स्वास्थ्य के लिए गुणकारी शतावरी के लाभ से अवगत कराने हेतु नया अभियान शुरू किया है। औषधीय पौधों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए गुरुवार को केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने एक प्रजाति-विशिष्ट अभियान के तहत 'शतावरी- बेहतर स्वास्थ्य के लिए' अभियान का शुभारंभ किया।

प्रतापराव जाधव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज मैंने आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत नई दिल्ली में 'शतावरी- बेहतर स्वास्थ्य के लिए' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है, जो पंच प्रण लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पिछले 10 वर्षों में आयुष मंत्रालय की अभूतपूर्व प्रगति हुई है। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के प्रयासों से पहले आंवला, मोरिंगा, गिलोय और अश्वगंधा पर भी जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। शतावरी के औषधीय महत्व और इसकी कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड द्वारा 18.9 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## 1984 सिख विरोधी दंगे : कांग्रेस के पूर्व एमपी सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला टला, अब इस दिन होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में फैसला टल गया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट अब इस मामले में 12 फरवरी को फैसला सुनाएगी।



दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार आरोपी हैं। ये मामला 1 नवंबर 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर इलाके पिता-पुत्र, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम में करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच दंगाइयों की एक भीड़ ने लोहे की सरियों और लाठियों से पीड़ितों के घर पर हमला किया था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, इस भीड़ का नेतृत्व कांग्रेस के तत्कालीन सांसद सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आरोप है कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया।

इतना ही नहीं, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी। इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई, जो शिकायतकर्ताओं द्वारा रंगनाथ मिश्रा आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी। 31 जनवरी को अदालत ने सरकारी वकील मनीष रावत की अतिरिक्त दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अधिवक्ता अनिल शर्मा ने दलील दी थी कि सज्जन कुमार का नाम शुरू से ही नहीं था, इस मामले में विदेशी भूमि का कानून लागू नहीं होता और गवाह ने सज्जन कुमार का नाम 16 साल बाद लिया। अपर सरकारी वकील मनीष रावत ने दलील दी कि आरोपी को पीड़िता नहीं जानती थी।

## बड़ी खबर : बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

मुंबई/लुधियाना (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। लुधियाना की एक अदालत ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर की अदालत ने जारी किया है। यह मामला लुधियाना के वकील राजेश खन्ना द्वारा दायर किया गया है, जिसमें मोहित शुक्ला नामक एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। वकील खन्ना के अनुसार, मोहित शुक्ला ने उन्हें नकली रिजिका सिक्के में निवेश करने का लालच दिया था, और इस मामले में सोनू सूद को गवाही देने के लिए अदालत ने समन भेजा था। अदालत ने बताया कि सोनू सूद को इस मामले में गवाही देने के लिए कई बार समन भेजे गए, लेकिन वह एक बार भी अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने अभिनेता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया।

## मणिपुर में हथियारों के साथ फुटबॉल मैच का वीडियो वायरल, सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी



इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर में पिछले कुछ समय से हालात ठीक नहीं हैं। इस बीच, एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग हाथों में हथियार लेकर फुटबॉल खेलते दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहे हथियार साधारण बंदूकें नहीं हैं, बल्कि एके-47 और अमेरिका की एम-सीरीज़ की असॉल्ट राइफलें हैं।

यह वीडियो सबसे पहले कंगपोकपी जिले के एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के पेज पर दिखाई दिया था। वीडियो में एक पोस्टर भी दिख रहा है, जिसमें जगह का नाम लिखा है ङ्क नोहजांग किपगेन मेमोरियल प्लेग्राउंड, गमनोमफाई गांव। यह गांव मणिपुर की राजधानी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है।

वीडियो में दिख रहे खिलाड़ी सनाखांग लिखी हुई फुटबॉल जर्सी पहने हैं। एक खिलाड़ी, जिसके हाथ में एके राइफल है, उसकी जर्सी पर गिना किगपेन और 15 नंबर लिखा है। पोस्टर के अनुसार, यह मैच 20 जनवरी को खेला गया था। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर नाम्पी रोमियो हैनसांग ने इंस्टाग्राम से हथियारों वाला वीडियो डिलीट कर दिया है। बाद में उन्होंने फुटबॉल मैच का एक छोटा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें लोगों के हाथ में राइफल नहीं थी। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर भी ऐसा ही किया। वीडियो के अंत में बंदूकधारी डांस करते हुए दिख रहे हैं। उनके हेलमेट पर और कंधों पर लगी पट्टी में रेड लोगो लगा है, जो आमतौर पर कुकी नेशनल फ्रंट-पी के मिलिटेंट्स की पहचान है। मैतेई समुदाय की एक सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन ने इसके बारे में एक्स पर पोस्ट किया है और अधिकारियों से हथियारों के इस खुलेआम प्रदर्शन की जांच करने की मांग की है। यह घटना मणिपुर में हथियारों की बढ़ती मौजूदगी और जातीय संघर्ष के बीच चिंता पैदा करती है।

## आसाराम डॉक्यूमेंट्री विवाद पर केंद्र, राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली , (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियर- आसाराम बापू' विवाद मामले में डिस्कवरी चैनल कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकियां देने के आरोप वाली उनकी याचिका पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें याचिकाकर्ता शशांक वालिया और अन्य तथा उनके कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने जिन राज्यों को नोटिस जारी किया उनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 25 जनवरी को उस डॉक्यूमेंट्री के डिस्कवरी चैनल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू होने के बाद संबंधित कंपनी कर्मचारियों को स्वयंभू संत आसाराम के अनुयायियों द्वारा धमकियां दी जा रही हैं।

# जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का खौफनाक ट्रेलर रिलीज, 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, फ्रेंचाइजी की सातवीं फिल्म जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फ्रेंचाइजी की यह फिल्म 3 साल के लंबे इंतजार बाद आ रही है. ट्रेलर एक्शन से भरपूर और धमाकेदार है जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ जाती है. ट्रेलर के साथ ही फिल्म के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है. जुरासिक वर्ल्ड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि जंगल में हर तरफ खतरा मंडरा रहा है वहीं डायनासोर का धरती से अंत होने वाला है. लोगों के पास यह आखिरी मौका है जिसमें वे डायनासोर का डीएनए ले सकते हैं. ट्रेलर की शुरुआत में स्कारलेट जोहानसन को मिशन सौंपा जाता है जिसमें उन्हें जिंदा डायनासोर के डीएनए लेने का काम दिया जाता है. उनके इस मिशन में डॉ. हेनरी लूमिस, डंकन किनकैड भी साथ देते हैं. ये एक ऐसा मिशन होगा जिसमें इस पाए गए डीएनए से इंसानी जीवन को बचाया जा सकता है. इसी बीच फिल्म में डायनासोर और इंसानों के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा और डायनासोर की दहाड़ सुनने को मिलेगी. बता दें फिल्म 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दिलचस्प बात ये है कि जुरासिक वर्ल्ड फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 31 साल पहले रिलीज हुई थी. जुरासिक पार्क साल 1993 में रिलीज हुई थी और दुनियाभर के दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया था. जिसके बाद द लास्ट वर्ल्ड: जुरासिक पार्क (1997), जुरासिक पार्क 3 (2001), जुरासिक वर्ल्ड (2015), जुरासिक वर्ल्ड: फॉलन किंगडम (2018), जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन (2022) में रिलीज हुई थी. अब इसका 7वां पार्ट जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 2025 में रिलीज होने वाली है।

फिल्म में मोसासौर, वेलोसिरैप्टर, स्पेनोसॉरस जैसी डायनासोर की प्रजातियां देखने को मिलेंगी. फिल्म उस वक्त पर बेस्ड होगी जब धरती का वातावरण डायनासोर के लिए अनसूटेबल हो गया था. तब सिर्फ कुछ ही इलाकों में डायनासोर पाए जाते थे. इस फिल्म को गैरेथ एडवर्ड्स ने किया है और फिल्म में स्कारलेट जोहानसन, जोनाथन बेली, रूपर्ट फ्रेंड, महेरशला अली, मैनुअल गार्सिया-रुल्फो, लूना ब्लाइस, एड स्क्रेन, डेविड इआकोनों जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# विश्वक सेन और आकांक्षा शर्मा की फिल्म लैला का ट्रेलर रिलीज



विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा कर रही है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल की भूमिका में दिखाया गया है और वह मुसीबत में पड़ जाता है क्योंकि उसकी हरकतें एक विधायक की जान को खतरे में डाल देती हैं। पुलिस और विधायक के गुर्गे उसे पकड़ने की कोशिश करते हैं और इस प्रक्रिया में वह महिला लैला बनने और खुद को छिपाने का कठोर निर्णय लेता है। इससे दिलचस्प और ट्विस्ट और टर्न सामने आते हैं और मस्ती और एक्शन तत्व सभी को उत्साहित करते हैं। विश्वक सेन और आकांक्षा शर्मा के बीच रोमांटिक तत्व विशेष आकर्षण बन जाते हैं।

फिल्म में मुख्य भूमिका में आकांक्षा शर्मा हैं और इसका निर्देशन राम नारायण ने किया है। शाइन स्क्रीन्स के बैनर तले साहू गरपति ने इस प्रोजेक्ट को वित्तपोषित किया है। लैला ने अपने टीजर और सुपरहिट गानों से पहले ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। रिचर्ड प्रसाद ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है जबकि लियोन जेम्स ने संगीत दिया है। यह फिल्म 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे स्पेशल के तौर पर रिलीज होने वाली है।

## पुष्पा 2 का क्रेज जारी, अब नेटफ्लिक्स पर उड़ाया गरदा, ग्लोबली ट्रेंड कर रही अल्लू अर्जुन की मास ड्रामा फिल्म



पुष्पा 2: द रूल नि:संदेह इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन चुकी है, जिसने दर्शकों के दिलों और बॉक्स ऑफिस पर राज किया और इस साल की सबसे बड़ी फिल्म के रूप में उभरी. इस फिल्म ने भारत में 800 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1800 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, जिससे यह एक अभूतपूर्व सफलता बन गई है. जहां यह बॉक्स ऑफिस पर अपनी धूम मचा रही है, वहीं अब ओटीटी पर भी रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह ग्लोबली ट्रेंड कर रही है. पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें फिल्म की जबरदस्त सफलता का ऐलान करते हुए कहा है कि यह फिल्म अब नेटफ्लिक्स इंडिया पर ट्रेंड कर रही है. इसके साथ उन्होंने पोस्ट को इस प्रकार कैप्शन दिया, रैंपेज़ जारी है, बॉक्स ऑफिस को आग लगाने के बाद पुष्पा 2: द रूल अब नेटफ्लिक्स पर ग्लोबली ट्रेंड कर रही है, और हर जगह जबरदस्त सराहना मिल रही है. बता दें, पुष्पा 2 बीती 30 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देखी जा रही है।

# रोजमर्रा की आदतें आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा रही हैं, जानें कैसे रखें ध्यान



हमारी रोजमर्रा की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं। कई बार हम अनजाने में ऐसी आदतों को अपना लेते हैं, जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

इस लेख में हम पांच ऐसी आम आदतों के बारे में बताएंगे, जो धीरे-धीरे हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनसे बचने के उपाय भी जानेंगे ताकि आप स्वस्थ जीवन जी सकें।

**ज्यादा देर तक बैठना है खतरनाक**

आजकल अधिकतर लोग ऑफिस या घर पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं, खासकर कंप्यूटर के सामने।

यह आदत आपके शरीर के लिए हानिकारक हो सकती है क्योंकि इससे पीठ दर्द और मोटापा बढ़ सकता है।

कोशिश करें कि हर घंटे कुछ मिनट खड़े होकर चलें या स्ट्रेचिंग करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और रक्त संचार बेहतर होगा।

अगर आपका काम लंबे समय तक बैठने का है तो एर्गोनोमिक कुर्सी का उपयोग करें और अपनी मुद्रा सही रखें।

**पर्याप्त नींद न लेना**

नींद हमारे शरीर और दिमाग के लिए जरूरी है।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग नींद को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे थकान और तनाव हो सकता है।

हर दिन 7-8 घंटे की नींद लेने का प्रयास करें ताकि शरीर और दिमाग तरोताजा महसूस कर सके।

सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग न करें क्योंकि इनकी रोशनी नींद में बाधा डाल सकती है। एक नियमित सोने का समय तय करें और उसे पालन करें।

**पानी पीने में लापरवाही**

पानी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन कई लोग इसे पर्याप्त मात्रा में नहीं पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है।

दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और त्वचा भी निखरी लगे।

अगर सादा पानी पसंद नहीं आता है तो उसमें थोड़ा नींबू या पुदीना डाल सकते हैं। हमेशा अपने पास एक पानी की बोतल रखें ताकि आपको याद रहें कि आपको पानी पीना है।

**जंक फूड का अधिक सेवन**

जंक फूड स्वादिष्ट होते हुए भी हमारी सेहत के लिए अच्छे नहीं होते हैं क्योंकि इनमें अधिक मात्रा में फैट्स, शक्कर और नमक होता है, जो मोटापा बढ़ाने के साथ-साथ दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है।

कोशिश करें कि अपनी डाइट में ताजे फल-सब्जियां शामिल करें, जो पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।

अगर कभी-कभार जंक फूड खाने का मन करें तो उसकी मात्रा सीमित रखें और उसके बाद हल्की एक्सरसाइज जरूर करें।

**तनाव को नजरअंदाज करना**

तनाव आजकल हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है, लेकिन इसे नजरअंदाज करना सही नहीं होता क्योंकि यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर बुरा असर डाल सकता है ।

## लकी हूं कि सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला : कृष्णा पाटिल

फिल्म 'फतेह' से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री कृष्णा प्रकाश पाटिल ने अभिनेता सोनू सूद के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। उनका मानना है कि कहानी कहने के प्रति सोनू सूद का समर्पण प्रेरणादायक है।



कृष्णा पाटिल खुद को लकी मानती हैं क्योंकि उन्हें न केवल अपनी पहली फिल्म में सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि सूद ने उन्हें गाइड भी किया।

उन्होंने कहा, सोनू सर के साथ काम करने का मेरा अनुभव बढ़िया रहा। वह एक प्रतिभाशाली अभिनेता और निर्देशक हैं, जिनके काम में जुनून के साथ ऊर्जा भी है।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में सह-कलाकारों से सर्वश्रेष्ठ अभिनय करवा सकने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करती हूं। इसके अलावा, उन्होंने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की और कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। मैं उनके साथ काम करके खुद को लकी मानती हूं।

कृष्णा पाटिल विज्ञान में स्नातक करने के बाद एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आई थीं। उन्हें अपनी पहली फिल्म के लिए प्रोडक्शन कंपनी से सीधा फोन कॉल आया था।

उन्होंने बताया, मैंने पहले सोनू सूद के साथ कुछ विज्ञापनों में काम किया था और उनकी प्रोडक्शन टीम ने मुझे फतेह के ऑडिशन के लिए संपर्क किया। मैं चुनी गई और इस तरह मुझे पहला रोल मिला।

अपने बड़े ब्रेक से पहले कृष्णा पाटिल एक मॉडल के रूप में काम कर रही थीं। उन्होंने टीवी, विज्ञापनों, प्रिंट कैंपेन और म्यूजिक वीडियो में काम किया। उनका पहला टेलीविजन विज्ञापन अभिनेता बोमन ईरानी के साथ था।

कृष्णा पंजाबी सिंगर और अभिनेता जस्सी गिल के साथ उनके म्यूजिक वीडियो 'नखरे' में भी काम कर चुकी हैं।

'फतेह' की बात करें तो इस फिल्म को शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज ने तैयार किया है। सह-निर्माता अजय धामा हैं। फिल्म का निर्देशन करने के साथ ही मुख्य भूमिका भी सोनू सूद ने निभाई है।

## बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर की देवा की हालत पस्त, छठे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी फिल्म देवा को 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की तारीफ हो रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है। यह पहले दिन से ही दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। अब देवा की कमाई के छठे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं। आइअ बताते हैं फिल्म ने बुधवार को कितने करोड़ कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 2.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.65 करोड़ रुपये हो गया है। देवा ने 5.5 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 6.4 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 7.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इसने 2.75 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 2.4 करोड़ रुपये कमाए।

## रिवीलिंग साड़ी पहन साक्षी मलिक ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने इंटरनेट का परा किया गर्म



बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी भी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपने लुक्स से फैंस को अपना दीवाना बनाती रहती हैं।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और वो आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर स अपने होश खो बैठे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

खुले बाल, लाइट मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही छा गया है।

साक्षी मलिक की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई यूजर्स ने लाइक्स और कॉमेंट्स कर दिए हैं। एक यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- ग्लैमरस।

बता दें कि साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 7 70 लाख से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

## विक्की कौशल की छावा का नया गाना आया रे तूफान जारी, एआर रहमान ने लगाए सुर



काफी समय से दर्शक विक्की कौशल की फिल्म छावा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज को अब सिर्फ चंद दिन बाकी हैं।

यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। छावा को 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

अब इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना आया रे तूफान जारी कर दिया है, जिसे एआर रहमान ने वैशाली सामंत के साथ गाया है। इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। यह फिल्म एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें छत्रपति संभाजी महाराज की पौराणिक कहानी को दर्शाया गया है, जिसका किरदार विक्की कौशल ने निभाया है। यह साहसी मराठा शासक के शानदार शासनकाल को दर्शाने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 1681 में उनके राज्याभिषेक से होती है। जयपुर में फिल्म के प्रचार के दौरान, विक्की ने मीडिया से बात की कि उन्होंने इस भूमिका के लिए कैसे तैयारी की। छावा के निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है। दिनेश विजान फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं, वहीं रश्मिका मंदाना फिल्म में छत्रपती संभाजी महाराज की पत्नी महारानी येशूबाई की भूमिका में नजर आएंगी। बता दें कि अभिनेता अक्षय खन्ना भी फिल्म छावा का अहम हिस्सा हैं। वह फिल्म में मुगल शहंशाह औरंगजेब का किरदार निभाएंगे।

# क्या कैन वाले पेय पीना सेहत के लिए हानिकारक होते हैं?



आजकल बाजार में कई तरह के पेय पदार्थ कैन में उपलब्ध हैं। लोग इन्हें आसानी से खरीदकर पीते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन कैन का आपकी सेहत पर क्या असर पड़ सकता है?

कैन वाले पेय पीने के कुछ संभावित नुकसान हो सकते हैं, जिनके बारे में जानना जरूरी है।

इस लेख में हम इन्हीं नुकसानों के बारे में चर्चा करेंगे और आपको बताएंगे कि किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि सेहत सुरक्षित रहे।

एल्यूमिनियम की समस्या

कैन आमतौर पर एल्यूमिनियम से बने होते हैं। जब आप इनसे पेय पदार्थ पीते हैं तो थोड़ी मात्रा में एल्यूमिनियम आपके शरीर में जा सकती है। यह धातु आपके मस्तिष्क और हड्डियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

हालांकि, एक बार या कभी-कभी सेवन करने पर इसका असर कम होता है, लेकिन नियमित रूप से ऐसा करना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

इसलिए कोशिश करें कि आप ताजे फलों का रस या अन्य प्राकृतिक विकल्प चुनें।

बिस्फेनॉल ए (बीपीए) की उपस्थिति

कैन के अंदर एक पतली प्लास्टिक की कोटिंग होती है, जिसमें बिस्फेनॉल ए (बीपीए) नामक रसायन होता है। यह रसायन हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकता है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने पर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

बीपीए को लेकर कई शोध हुए हैं जो बताते हैं कि यह कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कांच या स्टील की बोतलों का उपयोग करें।

स्वाद और पोषण की कमी

कैन वाले पेय पदार्थों में अक्सर कृत्रिम स्वाद और रंग मिलाए जाते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं होते।

इनमें पोषक तत्वों की भी कमी होती है क्योंकि ये प्रसंस्कृत होते हैं और इनमें शक्कर समेत अन्य आर्टिफिशियल तत्व मिलाए जाते हैं।

ऐसे पेय पदार्थ न केवल वजन बढ़ाते हैं बल्कि मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं।

ताजे फलों का रस या नारियल पानी जैसे प्राकृतिक विकल्प चुनना हमेशा बेहतर होता है।

पर्यावरणीय प्रभाव

एल्यूमिनियम कैन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि इन्हें बनाने और रिसाइकिल करने में बहुत ऊर्जा लगती है।

अगर इन्हें सही तरीके से नहीं फेंका जाता है तो ये प्रदूषण का कारण बन सकते हैं।

प्लास्टिक कचरे की तरह ये भी हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचा सकते हैं। इसलिए हमें इनके उपयोग को कम करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

# अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जीतना मेरे लिए अब तक का सबसे सुखद क्षण

नई दिल्ली (ए.)। क्रिकेट की दुनिया में ऐसे पल बहुत कम होते हैं, जब कोई खिलाड़ी सच्ची खुशी महसूस करता है। लेकिन परूनिका सिसोदिया के लिए भारत को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जिताना उनकी जिंदगी का सबसे खुशहाल पल था।

2 फरवरी को कुआलालंपुर के बायूएमास ओवल मैदान पर जब सानिका चालके ने मोनालिसा लेगोडी की गेंद पर चौका लगाया, तो भारत ने 2025 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप जीत लिया। इससे दो साल पहले भारत ने दक्षिण अफ्रीका में यह खिताब अपने नाम किया था और अब इस जीत से उन्होंने अपनी बादशाहत बरकरार रखी।

परूनिका ने बातचीत में बताया, जब वह विजयी शॉट लगा, तो मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। इस विश्व कप को जीतना मेरे लिए एक सपना था। पहले संस्करण में मैं टीम का हिस्सा नहीं बन पाई थी, लेकिन इस बार मैंने टीम के लिए खेला और यह खिताब जीतकर मुझे सिहरन हो रही थी। अब भी जब मैं इसके बारे में बात कर रही हूं, तो रोंगटे खड़े हो रहे हैं। यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार पल था।

विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम में जबरदस्त जश्न मना। परूनिका ने कहा, हम नहीं जानते थे कि हम क्या कर रहे हैं। बस खुशी के मारे हाथ उठा रहे थे, हंस रहे थे और उस पल को जी रहे थे। टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर खूब मस्ती की। कोई जमीन पर लेट गया, कोई नाचने लगा। उन्होंने कई मजेदार तस्वीरें खिंचवाईं, भाविका आहिरे का हार्दिक पांड्या स्टाइल सेलिब्रेशन भी शामिल था। आपने हमारी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जरूर देखी होंगी, और आगे भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।



परूनिका के लिए यह सफर आसान नहीं था। 2023 में टीम में जगह न बना पाने का दर्द उन्हें अब भी याद है, लेकिन 2025 के इस टूर्नामेंट में उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से 10 विकेट चटकाए और टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

उन्होंने कहा, पिछले दो सालों में मैंने सिर्फ यही सोचा कि मैं अपनी टीम के लिए कैसे उपयोगी बन सकती हूं। जब विश्व कप आया, तो मैंने देखा कि मैं वही कर रही थी जो मैंने सीखा था। मुझे बहुत खुशी हुई कि अब जब मैं घर लौटूंगी, तो अपने प्रदर्शन के वीडियो देखकर संतुष्टि मिलेगी कि मैंने कुछ हासिल किया है।

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम दबाव में थी, क्योंकि विपक्षी टीम की शुरुआती जोड़ी मजबूती से खेल रही थी। तभी परूनिका ने आकर दो विकेट चटकाए और बाद में एक और विकेट लेकर 3-21 का शानदार स्पेल फेंका, जिससे उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

हालांकि, टीम के अंदर किसी भी तरह का तनाव नहीं था। परूनिका ने बताया, लोगों को बाहर से लग सकता था कि हम दबाव में हैं, लेकिन टीम के भीतर माहौल बहुत शांत था। हमें पता था कि बस एक अच्छी गेंद की जरूरत है, और हम वापसी कर लेंगे। जब मैं गेंदबाजी करने आई, तो मुझे अपनी टीम का पूरा भरोसा था कि अगर मैं वहां हूं, तो सब ठीक रहेगा।

भारत के लगातार दूसरे अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने में एक बड़ी भूमिका बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजों की रही, जिन्होंने एक मजबूत इकाई की तरह प्रदर्शन किया। वैष्णवी शर्मा ने 17 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लिए, जबकि आयुषी शुक्ला ने 14 विकेट हासिल किए। इन दोनों के साथ परूनिका भी प्रतियोगिता की शीर्ष चार विकेट लेने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं।

परूनिका ने बताया, हम तीनों इतने समय से साथ खेल रहे हैं कि अब हम परिवार जैसे हो गए हैं। जब भी कोई विकेट लेता था, तो हमें लगता था कि यह हमारी पूरी टीम की सफलता है। विश्व कप के दौरान जब कोई भी गेंदबाजी कर रहा होता था, तो हम एक-दूसरे की आंखों में देखते और समझ जाते थे कि सामने वाला क्या कहना चाहता है।

उन्होंने आगे कहा, हमारे स्पिन गेंदबाजों के बीच सबसे खास बात यही थी कि हम एक-दूसरे की रणनीति समझते थे और जानते थे कि अगली गेंद पर क्या करना है। जिस तरह हमारी बल्लेबाजी में साझेदारी देखने को मिली, वैसे ही हमारी गेंदबाजी भी एक टीम की तरह रही।

बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने नॉकआउट मुकाबलों से पहले भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया।

## मुंबई ओपन मुझे इंडियन वेल्स की बहुत याद दिलाता हैः जिल टेचमैन

मुंबई (ए.)। एकल में पूर्व विश्व नंबर 21, जिल टेचमैन मुंबई में प्रतिष्ठित सीसीआई क्लब में खेले जा रहे मुंबई ओपन 2025 डब्ल्यूटीए 125 टूर्नामेंट में अभी भी सबसे बड़े नामों में से एक हैं। पिछले दो वर्षों से फॉर्म के लिए संघर्ष कर रही जिल रैंक में नीचे चली गई हैं; हालांकि, वह मुंबई के हार्ड कोर्ट में खिताब के साथ वापसी करने की कोशिश कर रही हैं।

डब्ल्यूटीए और आईटीएफ खिताबों की एक श्रृंखला जीतने के बाद, जिल दुनिया भर में टेनिस के उच्चतम स्तर पर खेली हैं और मुंबई ओपन के कोर्ट और सुविधाओं से प्रभावित हैं। सतह के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, सतह अच्छी गुणवत्ता की है और बहुत धीमी है। यह मुझे इंडियन वेल्स की बहुत याद दिलाती है।

भारत में पहली बार आने के कारण जिल मुंबई में खेलने के लिए बेहद उत्साहित थीं और उन्हें जो स्वागत मिला, वह उन्हें बहुत पसंद आया। उन्होंने कहा, यहां की सुविधाएं और क्लब बहुत अच्छे हैं। उन्होंने आगे कहा, कार्य करने वाले लोगों ने आयोजन स्थल को साफ रखने और सब कुछ व्यवस्थित करने में बहुत अच्छा काम किया है, मुझे कोई शिकायत नहीं है।



## पूरी इंग्लैंड की टीम उनकी तरफ, रोहित शर्मा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए पीटरसन

नईदिल्ली (ए.)। इंग्लैंड के साथ खेली जा रही वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत ने जीत हासिल की, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा. वह सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन, इसके बावजूद इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने हिटमैन की तारीफ की है।

इंग्लैंड के साथ खेली जा रही वनडे सीरीज के पहले मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा. उन्होंने 7 गेंदों का सामना किया और फिर 2 रन बनाकर ही आउट हो गए।

हिटमैन के इस फ्लॉप प्रदर्शन के चलते भारत को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी, लेकिन भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और जीत हासिल कर ली. आपको बता दें, पिछले काफी वक्त से रोहित का बल्ला खामोश है. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में रोहित 3 मैचों में सिर्फ 31 रन बनाए।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भले ही आउट ऑफ फॉर्म हो, लेकिन अभी भी उनकी बल्लेबाजी को लेकर उतना ही उत्साह देखने को मिलता है. अब केविन पीटरसन ने कहा, जब रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने आते हैं, तो पूरी इंग्लैंड टीम उनकी तरफ देखती है. यह डराने वाला है, यह रोहित शर्मा का अपना अंदाज है।

## विराट कोहली दूसरा वनडे मैच खेल पाएंगे या नहीं? शुभमन गिल ने दिया अपडेट



नईदिल्ली,(ए.)। इंग्लैंड के साथ खेले गए पहले वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने जीत हासिल कर ली. लेकिन, इस मैच में विराट कोहली फिटनेस संबंधी समस्या के चलते प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बन पाए. इसके बाद से ही फैंस के मन में सवाल है कि विराट अगला वनडे मैच खेलेंगे या नहीं? हालांकि, पहला वनडे मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने इसपर अपडेट दिया है।

पहले वनडे मैच के दौरान जब रोहित शर्मा ने प्लेइंग इलेवन बनाई, तो उसमें विराट कोहली अंतिम ग्यारह का हिस्सा नहीं थे. हालांकि, तभी कप्तान रोहित ने बताया कि बदकिस्मती से विराट कोहली नहीं खेल रहे हैं और उन्हें कल रात घुटने में समस्या थी. फिर बीसीसीआई ने भी विराट की फिटनेस पर अपडेट दिया. हालांकि, मैच खत्म होने के बाद उपकप्तान शुभमन गिल ने विराट पर अपडेट दिया और उनके दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद जताई।

शुभमन गिल ने कहा, जब हम सुबह उठे तो पता चला कि विराट को घुटने में हल्की सूजन थी. वो पिछली शाम अभ्यास सत्र तक फिट महसूस कर रहे थे. वो अगले मैच तक बिल्कुल फिट हो जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. पिछले महीने खत्म हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट का बल्ला खामोश दिखा था. पर्थ मैच में आए टेस्ट सहित उन्होंने 5 टेस्ट मैच खेले, जिसमें वह सिर्फ 190 रन ही बना सके. इतना ही नहीं फिर रणजी ट्रॉफी में भी वह कुछ खास नहीं कर सके और सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए।

## महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सोनम ने कहा, मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी

नई दिल्ली (ए.)। महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी।

अपने ब्रेकआउट सीज़न के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज़्यादा अनुभवी हमलावर थे।

उन्होंने कहा, जब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ़ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई। जब उनसे उनकी सफलता के राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

# बहिष्कार के आह्वान के बीच ईसीबी ने पुष्टि की कि इंग्लैंड अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा

**0-चैंपियंस ट्रॉफी**

लंदन (ए.)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पुष्टि की है कि इंग्लैंड की पुरुष टीम 26 फरवरी को लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ निर्धारित आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मैच खेलेगी, जबकि तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के गंभीर उत्पीड़न के कारण बहिष्कार की मांग बढ़ रही है।

ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने अफगानिस्तान में लैंगिक भेदभाव पर व्यापक चिंताओं को स्वीकार किया और एकतरफा कार्रवाई के बजाय समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर दिया।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं सहित विभिन्न वर्गों से इंग्लैंड से चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की भागीदारी के खिलाफ खड़े होने के लिए उनके निर्धारित मैच खेलने से इनकार करने की मांग बढ़ रही है।

यह चिंता तालिबान द्वारा महिला क्रिकेट पर प्रतिबंध और महिलाओं के अधिकारों पर व्यापक प्रतिबंधों से उत्पन्न होती है, जिसे ईसीबी ने लैंगिक रंगभेद कहा है।

हालांकि, सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद, ईसीबी बोर्ड ने फैसला किया है कि मैच का बहिष्कार करना इस मुद्दे को हल करने का सबसे प्रभावी तरीका नहीं होगा। इसके बजाय, बोर्ड का मानना है कि क्रिकेट समुदाय के सामूहिक अंतरराष्ट्रीय प्रयास से अधिक प्रभाव पड़ेगा।



थॉम्पसन ने कहा, हमारा मानना है कि क्रिकेट समुदाय द्वारा समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया ही आगे बढ़ने का उचित तरीका है और इससे ईसीबी द्वारा इस मैच का बहिष्कार करने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई से अधिक लाभ होगा।

उन्होंने आगे बताया कि कई अफगान नागरिकों के लिए, अपनी क्रिकेट टीम को खेलते देखना खुशी के कुछ बचे हुए स्रोतों में से एक है, जो स्थिति की जटिलता को रेखांकित करता है। मैच में इंग्लैंड की भागीदारी की पुष्टि करते हुए, ईसीबी ने तालिबान की नीतियों के कारण विस्थापित हुई महिला अफगान क्रिकेटरों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पिछले हफ्ते, ईसीबी ने ग्लोबल रिफ्यूजी क्रिकेट फंड को 100,000 पाउंड का दान दिया, जो मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) और इसकी धर्मार्थ शाखा, एमसीसी फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है।



## अमेरिका से बात करना कोई बुद्धिमानी और सम्मान की बात नहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर ने दिए अहम संकेत



तेहरान (ए.)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करना बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मान की बात नहीं है। खामनेई का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ परमाणु समझौते के मुद्दे पर फिर से बात करने की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि खामनेई का यह बयान उनके ही पूर्व के उस बयान के विपरीत है, जिसमें खामनेई ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही थी। गौरतलब है कि अब भी खामनेई ने अमेरिका से बातचीत न करने का कोई सीधा आदेश जारी नहीं किया।

ईरान ने पूर्व में अमेरिका से बातचीत के दिए थे संकेत

बीते दिनों जब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की तो ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिए थे कि वे परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ट्रंप के संदेश का इंतजार कर रहे हैं। अब अयातुल्ला खामेनेई ने चौंकाते हुए इसके विपरीत बयान दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अधिकतर दबाव बनाने संबंधी एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान ट्रंप ने ये भी कहा कि वे चाहते हैं कि उन्हें इस आदेश का ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न करना पड़े। उन्होंने ईरान के साथ बातचीत को लेकर भी सकारात्मक संकेत दिए थे।

**ट्रंप के गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कही ये बात**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने भी पूर्व में अमेरिका के साथ बातचीत की वकालत की थी और कहा था कि हमें बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखने चाहिए, लेकिन अब खामेनेई ने अमेरिका से बातचीत को सम्मान के खिलाफ बताया है। ईरान के स्टैंड में बदलाव ट्रंप के हालिया बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल मंगलवार को ट्रंप ने इस्राइली पीएम के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका को गाजा पर नियंत्रण मिलना चाहिए और अमेरिका गाजा में पुनर्निर्माण का काम करे। उन्होंने गाजा के विस्थापितों को गाजा के बाहर ही बसाने का सुझाव दिया था।

अब ईरान के सुप्रीम लीडर ने ट्रंप के गाजा को लेकर दिए बयान पर बिना नाम लिए टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी बैठकर दुनिया का नक्शा फिर से बना रहे हैं - लेकिन केवल कागज पर, क्योंकि इसका वास्तविकता में कोई आधार नहीं है। वे हमारे बारे में बयान देते हैं, राय व्यक्त करते हैं और धमकियां देते हैं। अगर वे हमें धमकाते हैं, तो हम भी उन्हें बदले में धमकाएंगे। अगर वे अपनी धमकियों पर अमल करते हैं, तो हम भी अपनी धमकियों पर अमल करेंगे। अगर वे हमारे देश की सुरक्षा का उल्लंघन करते हैं, तो हम भी उसी तरह जवाब देंगे।

# पाकिस्तानी सेना ने 12 आतंकियों को किया ढेर; अमेरिका में नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल कर दी गई मौत की सजा

पाकिस्तान (ए.)। साल 1991 में एक महिला की हत्या के दोषी अलबामा के एक कैदी को गुरुवार को नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करके मौत की सजा दी गई। यह अमेरिका में चौथी बार है, जब नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करके मौत की सज़ा दी गई। डेमेट्रियस फ्रेजियर (52) को साल 1991 में 41 वर्षीय पॉलीन ब्राउन से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। फ्रेजियर को दक्षिण अलबामा जेल में गुरुवार शाम 6:36 बजे मृत घोषित कर दिया गया। यह इस साल अलबामा में पहली और 2025 में अमेरिका में तीसरी सज़ा थी, इससे पहले बुधवार को टेक्सास में और पिछले शुक्रवार को साउथ कैरोलिना में एक-एक कैदी को मौत की सजा दी गई थी।

**साओ पाओलो में विमान दुर्घटनाग्रस्त**

साओ पाओलो में शुक्रवार सुबह एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें दो यात्रियों की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग ने बताया कि विमान का एक



टुकड़ा बस से टकराया। इससे बस में सवार महिला घायल हो गई। वहीं एक बाइक सवार बस के दूसरे मलबे से टकराया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पीएम शहबाज और बेटा हमजा भ्रष्टाचार के आरोप से बरी**

पाकिस्तान की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे हमजा शहबाज को आठ साल पुराने भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। शिकायतकर्ता के खुद को मामले से अलग करने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। शिकायतकर्ता जुल्फिकार अली का दावा है कि उसने न तो कोई शिकायत दर्ज कराई थी और न ही उसे उस आवेदन की जानकारी है जिसके आधार पर मामला शुरू किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश सरदार मोहम्मद इकबाल ने फैसला सुनाया, जिसे सोमवार को सुरक्षित रखा गया था। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, लाहौर की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने शहबाज शरीफ और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को रमजान शुगर मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया, क्योंकि शिकायतकर्ता ने खुद को मामले से अलग कर लिया था। गौरतलब है कि 2018 में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने शरीफ और हमजा के खिलाफ पद का दुरुपयोग करके राष्ट्रीय खजाने को 20 करोड़ पाकिस्तानी रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया था।

## अमेरिका में पिछले आठ दिनों में तीसरे बड़े विमान हादसे की आशंका; अब पश्चिमी अलास्का में एयरक्राफ्ट लापता

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका में आठ दिनों में तीसरे बड़े विमान हादसे की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि, आर्कटिक सर्कल के दक्षिण में अलास्का के नॉर्दन साउंड में 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान गुरुवार दोपहर लापता हो गया है। जिसकी खोज में बचाव दल विमान के किसी भी संकेत की तलाश रात भर करते रहे। मामले में अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर कारवां नौ यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाकलीट से नोम जा रहा था। अधिकारी इसके अंतिम ज्ञात निर्देशांक निर्धारित करने के लिए काम कर रहे थे।

उड़ान के एक घंटे के अंदर टूटा विमान का संपर्क

उनालाकलीट पश्चिमी अलास्का में लगभग 690 लोगों का एक समुदाय है, जो नोम से लगभग 150 मील (लगभग 240 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व और एंकोरेज से 395 मील (लगभग 640 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में मौजूद है। वहीं विमान के लापता होने के मामले में बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन का कहना है ।कि, सेसना कारवां ने दोपहर 2:37 बजे उनालाकलीट छोड़ा और एक घंटे से भी कम समय बाद अधिकारियों ने उससे संपर्क टूट गया।

# कांगो हिंसा में अब तक 3000 लोगों की मौत, यूएन मानवाधिकार परिषद ने बुलाया आपातकालीन सत्र



जिनेवा (ए.)। कांगो के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जहां हाल ही में रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने एक प्रमुख शहर पर कब्जा कर लिया है, जिससे जनवरी के अंत से अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए और लगभग उतने ही लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ती हिंसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र का शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने शुक्रवार को आपातकालीन सत्र बुलाया।

**कांगो सरकार का आग्रह**

आपातकालीन सत्र के दौरान कांगो की सरकार ने 47 देशों के समर्थन से मानवाधिकार परिषद से रवांडा और एस23 विद्रोहियों को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराने और क्षेत्र में मानवाधिकार हनन की जांच करने के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाने का आग्रह किया।

**गुटेरेस ने मध्यस्थता पर दिया जोर**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विद्रोहियों से अपनी बंदूकें रखने और मध्यस्थता के लिए सहमत होने का आह्वान किया। मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि हिंसा में लगातार वृद्धि के कारण कांगो में हालात बहुत गंभीर हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कुछ नहीं किया गया, तो यह संकट कांगो के पूर्वी हिस्से के निवासियों के लिए और बढ़ सकता है, और इस क्षेत्र में खनिजों की विशाल संपत्ति को लेकर और भी तनाव हो सकता है। साथ ही तुर्क ने यह भी कहा कि कांगो के लोग दशकों से अत्याचारों का सामना कर रहे हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस संकट को हल करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

**रवांडा के राजदूत की प्रतिक्रिया**

रवांडा के राजदूत जेम्स नगांगो ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 1994 के नरसंहार में शामिल सशस्त्र समूहों के सदस्य कांगो में छिपे हुए हैं और अब कांगो के लिए एक अस्तित्वगत खतरा पैदा कर रहे हैं। इस सत्र के बाद, परिषद से कांगो द्वारा प्रस्तुत मसौदा पाठ पर विचार किया गया, जिसमें क्षेत्र में मानवाधिकार उल्लंघन और दुर्व्यवहारों की स्वतंत्र जांच के लिए एक मिशन बनाने की बात की गई।

**विद्रोहियों ने रैली का किया आयोजन**

बता दें कि विद्रोहियों ने गुरुवार को एक रैली आयोजित की और कांगो के निवासियों को सुरक्षा का वादा किया, क्योंकि वे जनता का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे थे। कांगो के संचार मंत्री पैट्रिक मुयाया कटेम्बवे ने परिषद से रवांडा को उसके युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराने का आह्वान किया।

## डिजिटल होगी दक्षिण अफ्रीका की वीजा प्रक्रिया, राष्ट्रपति रामफोसा के एलान से भारतीय कंपनियां खुश



जोहान्सबर्ग (ए.)। दक्षिण अफ्रीका का वीजा मिलने में अब ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना होगा। अफ्रीकी देश ने अपनी वीजा व्यवस्था का डिजिटलीकरण करने का एलान किया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने एलान किया है कि देश की वीजा व्यवस्था का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इसके बाद भारत और चीन से पर्यटन और व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। अफ्रीकी राष्ट्रपति के फैसले का भारतीय कंपनियों और राजनयिकों ने स्वागत किया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि हम अपने वीजा सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। ताकि हमारे देश में विदेश के लोगों को निवेश करने में आसानी हो और पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि इस साल हम सुरक्षित और डिजिटल वीजा आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन सिस्टम लॉन्च करने जा रहे हैं। यह सिस्टम भ्रष्टाचार को कम करेगा और पर्यटक वीजा प्रक्रिया को एआई और ऑटोमैटिक तरीके से तेज करेगा। रामफोसा ने कहा कि हमने तीन लाख से अधिक वीजा आवेदनों में से 90 प्रतिशत से अधिक लंबित आवेदनों का निपटारा कर दिया है। यह परिवर्तन संदेश देगा कि दक्षिण अफ्रीका व्यापार और पर्यटन के लिए खुला हुआ है।

**भारतीय कंपनियों ने कई बार बताई है परेशानी**

दक्षिण अफ्रीका की ओर से देर से वीजा मिलने को लेकर भारतीय कंपनियों ने कई बार परेशानी जाहिर की है। कुछ कंपनियों ने अफ्रीका में कहीं और निवेश करने की तक की बात कही है। जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में वीजा मिलने और सीधी उड़ानों दोनों में चुनौतियां रही हैं।

## व्यक्तिगत विकास एवं टीम बिल्डिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन




सीहोर(निप्र)। जल निगम, P HED एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय व्यक्तिगत विकास एवं टीम बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्म-जागरूकता, टीम भावना, सहयोग और नवाचार की ओर प्रेरित करना था, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम लाभुकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। इस कार्यशाला में जल निगम के कृषि महा प्रबंधक पीके सक्सेना, प्रबंधक डॉ. मनिंदर कटरियार सहित अन्य अधिकारी तथा पीएचइडी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पीके सक्सेना और जिला समन्वयक डॉ. रेनू धाड़ी मैडम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए प्रेरित किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य मिडिल मैनेजर्स को उनकी नियमित कार्यशैली से हटकर नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करना था, जिससे वे अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं ऊर्जावान तरीके से कर सकें। कार्यशाला का सफल संचालन पिरामल फाउंडेशन से कार्यक्रम निर्देशक अंकुर कुंडू, प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, कार्यक्रम लीडर निहारिका मिश्रा, दृष्टि सहाय और विकास सिंह के नेतृत्व में गांधी फेलो के सहयोग से किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत प्रेरणादायक और प्रभावशाली बताया।

**अधिकारियों ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा**

इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल कार्य-शैली को ऊर्जावान और प्रभावी बनाती हैं, बल्कि सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी सहायक होती हैं। टीम भावना और सामूहिक प्रयास से हम किसानों तक सेवाएँ सुचारू रूप से पहुँचा सकते हैं और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। यह कार्यशाला न केवल पदाधिकारियों के व्यक्तिगत विकास का माध्यम बनी, बल्कि उन्हें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा भी दी।

# एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी होंगे शामिल

## परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण >>> परीक्षा निगरानी के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त



सीहोर(निप्र)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 सीहोर जिला मुख्यालय के 03 परीक्षा केंद्रों पर 16 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा के सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

प्रथम पाली में प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक परीक्षा होगी। जिसमें परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 09:30 बजे तक उपस्थित होना आवश्यक है। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पर उपस्थिती का समय 01:45 निर्धारित किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण दल का गठित किया गया है। यह दल परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का निरंतर भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे।

डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह ने बताया कि परीक्षा से सबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा सम्पूर्ण परीक्षा की निगरानी के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सेवा निवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आनंद बिहारी गुप्ता को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07562-226856 है।

## नागरिकों को सुशासन देने के लिये अनेक सुविधाएँ

सीहोर (निप्र)। नागरिकों को सुशासन देने केलिये राज्य सरकार ने अनेक सुविधाएँ दी हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन सेवाओं में सीएम हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सीएम जनसेवा और दिव्यांग हेल्पलाइन प्रमुख हैं।

**सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर**

राज्य सरकार ने नागरिकों के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की है। कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी, शिकायत और सुझाव हेतु संपर्क किया जाता है। अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। जन सामान्य में नागरिकों की समस्या के निराकरण के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 काफी लोकप्रिय है।

**महिला हेल्पलाइन**

महिला उत्पीड़न से बचाव के लिये महिला हेल्पलाइन का संचालन भी किया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन के संचालन के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 से एकीकरण किया गया है। महिला हेल्पलाइन में महिलाओं से संबंधित अपराधों और समस्याओं में महिला की काउंसलिंग कर तत्काल राहत पहुँचाई जा रही है। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 60 हजार 800 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

## श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में जारी महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

### भगवान शिव की पूजा से मिलता मनोवांछित फल-पंडित चेतन उपाध्याय



सीहोर(निप्र)। शहर के नगर पालिका परिसर स्थित प्राचीन श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर विगत चार फरवरी से महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर यज्ञ आचार्य नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे के सानिध्य में नियमित रूप से नित्य पूजन के अलावा धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है। शुक्रवार को मुख्य मनोरथी ओम रचना राय, नंदकिशोर निर्मला शर्मा, गोविन्द ताम्रकार, भोलाराम महेश्वरी, गोपाल सोनी आदि ने यहां पर जारी यज्ञ में आहुतियां दी एवं कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने यहां पर श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान शिव मंदिर में जारी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समिति की ओर से मनोहर राय सहित पूरी समिति और क्षेत्रवासी पूरी आस्था और उत्साह के साथ किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष श्री राय ने बताया कि सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति दी जाएगी और प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

कथा वाचक पंडित श्री उपाध्याय ने कहा कि महायज्ञ में नियमित रूप से भगवान शिव की पूजा की जाती है, जिससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव सही अर्थों में परिवार के देवता हैं, क्योंकि ये एकमात्र ऐसे देवता हैं, जिनका परिवार संपूर्ण है. भगवान शिव परिवार के मुखिया हैं, लेकिन सच मायने में गौरी के हाथों में है त्रिलोक के स्वामी के घर की सत्ता. शिव को सृष्टि का प्राण माना जाता है, लेकिन शिव का प्राण गौरी में बसता है. जिस शिव के क्रोध से सृष्टि कांप उठती है, वो शिव बेचैन हो जाते हैं जब गौरी रूठ जाती है. परिवार की जिम्मेदारी, परिवार का सामंजस और परिवार का दुख-सुख शिव में जितना दिखाई देता है उतना किसी दूसरे में नजर नहीं आता. शायद यही वजह है कि शिव विवाह सनातन धर्म का सबसे बड़ा उत्सव है, जो दक्षिण से उत्तर तक सभी जगहों पर समान रूप से मनाया जाता है।

शिव के साथ उनके पूरे परिवार की महिमा भी आम लोगों के मन मानस पर दर्ज है। सनातन धर्म में पूजे जाने वाले प्रमुख देवी देवताओ में भगवान् शिव, माँ पार्वती, गणेश रिद्धी, सिद्धि का विशेष स्थान है। कोई भी दैविक कार्य इनके बिना संभव नहीं हो सकता। भगवान शिव मात्र एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं. भक्त की हर मनोकामना पूरी कर देते हैं आर्य अनार्य दोनों के देवता शिव सबको लेकर चलने का सूत्र देते हैं। उनके आंगन में मोर भी है और सांप भी। साढ़ भी है और शेर भी. शिव किसी को छोड़ते नहीं है। वो विष भी ग्रहण कर लेते हैं। शिव के लिए सब समान है। इनकी बारात में सुर भी आये थे तो असुर भी। इन्हें सभी पूजते हैं। भगवान शिव शंकर की पहली जीवनसंगिनी माँ सती थी। पार्वती सती की छोटी बहन और भगवान शिव की दूसरी पत्नी हैं. ये पर्वतराज हिमालय व मैना की पुत्री हैं. पार्वती को ही शक्ति माना गया है. शरीर में शक्ति ना हो तो शरीर बेकार है. शक्ति तेज का पुंज है। मानव को हर काम में सफलता की शक्ति पार्वती यानी दुर्गा देती हैं. बिना शक्ति के कोई कार्य नहीं हो सकता। यह भगवान शिव की ताकत है। शरीर में शक्ति ना हो तो शरीर बेकार है। भगवान शिव ने अर्धनारीश्वर स्वरूप में स्वयं शक्ति के महत्व को सिद्ध किया है। भगवान शिव ने अर्धनारीश्वर स्वरूप से यही शिक्षा दी की मां शक्ति के बिना शिव अधूरे हैं।

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का विधायक ने किया शुभारंभ



सीहोर,(निप्र)। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास मे निवासरत छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की स्थापना की गई है। विधायक सुदेश राय ने इस पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षा, सामान्य ज्ञान, धार्मिक, साहित्यिक और करंट अफेयर सहित अनेक किताबों को संग्रहित किया गया है। इस पुस्तकालय में 24 घंटे इंटरनेट (वाई फाई) की सुविधा भी दी गई है। इस अवसर पर जिला संयोजक हीरेन्द्र सिहं कुशवाह, श्रीमती सीमा नरवरिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एंव विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव 10 फरवरी को किसान कल्याण योजना के तहत तीसरी किस्त करेंगे अंतरित

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल 06 हजार रूपये की राशि तीन समान किस्तों में हितग्राहियों को प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 फरवरी 2025 को देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही परिवारों के खाते में इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त अंतरित करेंगे। इस अवसर पर जिले में भी जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। जिले के सभी हितग्राही वेबकास्ट लिक (https://webcast.gov.in/mp/cmevents) के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ सकेंगे।

# "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" अभियान 13 फरवरी को

### प्रदेश के सभी स्तर के सहकारिता कार्यालय एवं सहकारी संस्थाओं में होगा स्वच्छता कार्यक्रम

सीहोर, (निप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को "स्वभव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं ने परिपत्र जारी किया है।

सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग/जिला के संयुक्त/उप/सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम जारी परिपत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जायें। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को होगी

सीहोर(निप्र)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2023 प्रदेश में 16 फरवरी 2025 को दो पारियों में प्रात: 10.00 से 1200 बजे एवं दोप. 2.15 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित किया जाना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय के निर्धारित 03 परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए उड़नदस्तो का गठन किया गया है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था एवं निगरानी के लिए दो उड़नदस्तो का गठन किया गया है। यह उड़नदस्तें निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करेगें। गठित उडनदस्तो में संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, परीक्षा केन्द्र प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शा. उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल क्र.01 का व्यवस्था एवं निरीक्षण करेगें। संयुक्त कलेक्टर आनन्द सिंह राजावत परीक्षा केन्द्र शा0 महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण करेगें। उड़नदस्ता में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा के समय परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण कर निगरानी रखेगें साथ ही परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेगें।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 68 लाख 88 हजार की सौगात

### भोपाली फाटक से बाल हनुमान मंदिर तक बनाए जाने वाले रोड का भूमि पूजन



सीहोर(निप्र)। शहरवासियों को जर्जर सड़क से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में इन दिनों तेजी से शहर के सभी वार्डों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। शहर के कस्बा स्थित भोपाली फाटक से बाल हनुमान मंदिर तक बनाए जाने वाले डामरीकरण रोड का मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कस्बा क्षेत्रवासियों को करीब 68 लाख 88 हजार रुपए के विकास कार्य की सौगात का भूमि पूजन करते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार क्षेत्र को विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए की राशि दे रहा है। जिससे हर वार्ड में नालियों का निर्माण के अलावा सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहाकि हम सभी एकजुट होकर नगर को सर्वांगिण विकास की ओर ले जाने में पूरी निष्ठा व मेहनत से कार्य करेंगे। किसी एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधि के बस की बात नहीं कि नगर का विकास कर सकें, इसके लिए पूरी नगर पालिका को एकजुट होकर ही शहर के कोने-कोने तक विकास कार्य की श्रृंखला रखी जा सकती है। वर्तमान में नगरपालिका की ओर से शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय सीमा में नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। वहीं जरूरत के हिसाब से नगर में निर्माण कार्य चल रहे है व आगे भी तीव्रता से वृहद स्तर पर निर्माण कार्य सीहोर शहर में होंगे। भूमि पूजन के दौरान शहर काजी, इरशाद पहलवान, आजम नेता, इरफान खान, माजिद खान, सुदीप व्यास, आशीष गहलोत, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर पार्षदों के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

## आईईएस पब्लिक स्कूल के जूनियर यंग माइंड सर्च का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न




सीहोर(निप्र)। आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा सीहोर द्वारा जूनियर यंग माइंड टैलंट सर्च का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल में किया गया था जिसमे सीहोर सहित आस पास के आष्ठा, इछावर, फंदा, कोठरी आदि स्कूल के लगभग 600 छात्रो ने हिस्सा लिया। टैलंट सर्च के बाद स्कूल द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभागियो के साथ उनके पालको ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। टैलंट सर्च में छात्रो का जबरदस्त रुझान देखने को मिला एवं छात्रो ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

आईईएस पब्लिक स्कूल के जूनियर यंग माइंड टैलंट सर्च 9 के पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ दीपा कीर, बीईओ, सीहोर, मुख्य आतिथि एवं एवं डॉ. सुनीता सिंह, चेयरपर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। सुश्री दीपा कीर ने छात्रो को उनकी मेहनत एवं उत्कृट कार्य के लिया बधाई एवं शुभकामनाए दी वही प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता रहे अरांश राठौर के प्रथम पुरस्कार में 11000 कैश, द्वितीय हिमाद्री सोनी को 7000 कैश, तृतीय विजेता अविरल सिंह को 5000 कैश प्रदान किए साथ ही नर्सरी से कक्षा 11वीं तक प्रत्येक कक्षा श्रेणी में शीर्ष 3 विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवार 31 मार्च तक नाम जुड़वा सकते हैं

सीहोर,(ए.)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https://pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

सीहोर(निप्र)। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनातर्गत एमपीटास पोर्टल पर पीएमएस मॉडयूल के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2021-22 नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन अप्लाई करने के लिए 15 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करने के लिए अंतिम बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है।

## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

सीहोर(निप्र)। वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को जिला मुख्यालय सीहोर एवं तहसील न्यायालय आष्टा, भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर में किया जावेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार किया जायेगा। विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत हेमंत जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में एनआईएक्ट धारा-138, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत, जल कर एवं सम्पत्ति कर आदि के प्रिलिटिगेशन प्रकरण आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जैसे- 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत और जलकर, सम्पत्ति कर के प्रकरण, हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत राजीनामा योग्य प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, सर्विस मेटर से सम्बंधित व अन्य सिविल प्रकरण आदि रखे जावेगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com